प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

सुविचार

गीता के अनुसार
जिंदगी में हम कितने सही हैं
और कितने गलत हैं
यह केवल दो लोग जानते हैं
एक परमात्मा और दूसरी हमारी अंतरात्मा..!

श्रीमद भगवद गीता

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची ➢दिल्ली➢देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

10

वर्ष - 17 | अंक 203 | दैनिक | रांची | गुरुवार 07 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00




# राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**यहां होगी नियुक्ति**

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत **बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313** एवं **भूगोल के 195** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक

नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर** और **55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर**

कृषि विभाग अंतर्गत **09 कनीय अभियंता**

**यहां होगी नियुक्ति**

खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत **34 खान निरीक्षक**

विद्युत विभाग अंतर्गत **53 कनीय अभियंता**

पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **1,268 कनीय अभियंता** (सिविल)

झारखण्ड सरकार
सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# 2,454

अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

**दिनांक: 07 मार्च, 2024 (गुरुवार)**


**समय: 12:00 बजे मध्याह्न**

**स्थान: शहीद मैदान, धुर्वा, राँची**

## श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा



**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR - 321791 ( IPRD) 2023-24

# स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना को बंद करने के खिलाफ हाइकोर्ट में संतोष सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

● परियोजना चालू करना किसानों के हित में: हाइकोर्ट

**वरीय संवाददाता**

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना को बंद करने के निर्णय के खिलाफ संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। यह जनहित याचिका 4 अगस्त 2023 को दायर की गई थी।

इस संबंध में श्री सोनी ने बताया कि पिछली तारीख (दो फरवरी 2024) को हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार जल विभाग एवं रेवेन्यू विभाग के अधिकारियों (प्रतिवादी क्रमांक 1 से 5) को दस्तावेज सहित कोर्ट के समक्ष आकर यह बतलाने का आदेश दिया गया था कि इस स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना, खरकई डैम योजना पर काम बंद करने का आदेश रोका गया है।

गौरतलब है कि इस जनहित याचिका को झारखंड के उच्च न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार (भूतपूर्व एडवोकेट जनरल) ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच को अवगत कराया कि स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना में अब तक 6.5 हजार करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन राज्य सरकार ने मार्च 2020 में इस योजना पर काम बंद करने का आदेश दिया है। सरकार की ओर से जारी उक्त आदेश बिल्कुल अनुचित और गैरवाजिब है।



इस पर कार्यवाही करते हुए जब डिवीजन बेंच के न्यायाधीशों द्वारा रेवेन्यू डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी( प्रतिवादी क्रमांक 1) से जवाब मांगा गया तो उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जमीन आवंटन और मुआवजा राशि का वितरण किया जा चुका है और आगे के लिए भी प्रावधान रखा है। साथ ही रेवेन्यू डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी ने यह भी कोर्ट को अवगत कराया कि उनका उद्देश्य इस परियोजना को चालू करने के लिए है, लेकिन इस पर रोक जल विभाग ने लगाई हैं, सरकार और रेवेन्यू विभाग की तरफ से इस परियोजना के लिए कोई आपत्ति नहीं है।

जब हाई कोर्ट ने जल विभाग के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर (प्रतिवादी क्रमांक 2 से 5) से जवाब मांगा तो उन्होंने इसका कारण जन विरोध बताया, जिस पर हाई कोर्ट ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की कि यह गैरकानूनी है कि सरकारी परियोजनाओं पर किसी समूह द्वारा विरोध किया जाए एवं उसको रोका जाए। ऐसा करके केवल एक समूह द्वारा बिना कारण के सरकारी पैसे की बर्बादी नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने इस परियोजना के सकारात्मक प्रभाव और दूरदर्शिता के बारे में भी सभी को अवगत कराया और यह कहते हुए टिप्पणी की यह परियोजना किसी भी हाल में चालू करने योग्य है और इसे चालू करने से समाज में किसानों को खेती के लिए जल मिलेगा,सभी को रोजगार मिलेगा और बहुमुखी विकास की उद्देश्य से बनाई हुई इस परियोजना का क्रियान्वयन करना अत्यंत आवश्यक है।

**दायर की गई एक और याचिका**–कार्यवाही में न्यायालय के समक्ष इसी जनहित याचिका में कुछ को जोड़ने की एक और याचिका दायर की गई, जो स्वयं को लोक जनजाति के गम्हरिया ग्राम का प्रतिनिधि बता रहे थे। उन्होंने इस खरखाई डैम के विरोध में न्यायालय से दरख्वास्त की कि कुछ समूह को इसमें भूमि आवंटन नहीं हुई है या मुआवजा नहीं मिला है, जिस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास पर्याप्त साधन एवं धन आवंटन हेतु नीतियां बनी हुई है एवं संपूर्ण व्यवस्था किसी को भी नुकसान पहुंचा बिना की जाएगी, साथ ही न्यायालय ने जल विभाग और रिवेन्यू डिपार्मेंट को आदेश दिया कि वह दो हफ्ते के अंदर एफिडेविट फाइल करें कि उन्होंने इस परियोजना हेतु क्या काम करवा दिए हैं एवं आगे कौन-कौन से काम किए जाएंगे।

न्यायालय ने दायर की गई गम्हरिया ग्राम की याचिका को यह कहते हुए नहीं स्वीकार की कोई भी जनसमूह बिना किसी पर्याप्त कारण के किसी परियोजना के क्रियान्वन को नहीं रोक सकता है साथ ही उनके वकील को यह हिदायत दी कि वह गम्हरिया ग्राम के प्रतिनिधि एवं समस्त निवासियो को समझाएं कि उन्हें इस परियोजना का साथ देना चाहिए क्योंकि यह सभी के हित में है और उनके भी हित में है।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट आरंभ किया गया था। इस डैम के निर्माण से राज्य में लाखों लोगों के रोजगार का संभावनात्मक निर्माण होना था, झारखंड राज्य और उसके पड़ोसी राज्यों में कृषि हेतु सिंचित जमीन का निर्माण और पर्यटन के लिए राज्य का विकास होना था, लेकिन वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना किसी कारण के बंद कर दिया। जबकि इस डैम के प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है और प्रभावित विस्थापितों को बसाने के लिए नया जगह भी तैयार की गई है।

जानकारी हो कि वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट किया जा रहा था। इस डैम के बनने से राज्य में लाखों लोगों के रोजगार का निर्माण होना था, झारखंड राज्य एवं उसके पड़ोसी राज्यों में कृषि हेतु सिंचित जमीन का निर्माण एवं पर्यटन की दृष्टि से राज्य का विकास होना था, लेकिन वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना कारण के बंद कर दिया गया। जबकि इस डैम के प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है और प्रभावित विस्थापितों को बसाने के लिए नया जगह भी बन चुका है।

**गौरतलब है कि जनहित याचिका को झारखंड के उच्च न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था**– बेंच ने मामले में अपने रुख के संबंध में दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड (प्रतिवादी क्रमांक 6) के अधिवक्ता एडवोकेट अभिषेक यादव से भी सवाल पूछे, एवं इस मामले में उनकी राय जाननी चाही । इन प्रश्नों का विधिवत उत्तर दिया गया और विस्तारपूर्वक यह न्यायालय को अवगत करवाया गया की जल विभाग ने किस प्रकार सिर्फ एक पत्र द्वारा सारे काम पर बिना कारण बताए रोक लगा दी और पिछले तीन सालों से न तो रोक हटाई और न ही उस रोक पर प्रश्न करने पर कोई जवाब दिया।

न्यायालय ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए इस परियोजना को जल्द ही शुरू करने के लिए जो भी कार्यवाही की जानी है उसके लिए सभी प्रतिवादियों को आदेश दिए और दो हफ्ते के अंदर इसके क्रियान्वन के लिए उन्हें एफिडेविट फाइल करने को कहा है। इस जन हित याचिका की अगली सुनवाई की तारीख 20 मार्च 2024 को होगी।

## कृषि क्षेत्र में महिलाएं विषयक शिखर सम्मेलन आयोजित

**वरीय संवाददाता रांची।** गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (जीएवीएल) ने %कृषि क्षेत्र में महिलाएं% विषय पर पहले शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। इस क्षेत्र में महिलाओं के योगदान की सराहना करने के लिए की गई। इस सम्मेलन का उद्देश्य कृषि से जुड़े विविध दृष्टिकोणों को एक साथ लाना और भारत के कृषि क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने और इससे जुड़ी परेशानी दूर करने के लिए विचारोत्तेजक बातचीत में शामिल होना है। आम तौर पर एक गलतफहमी है कि कृषि एक पुरुष प्रधान क्षेत्र है लेकिन यदि अपने देश के आंकड़े पर नजर डालें तो एक अलग ही तस्वीर उभरती है। भारत में, 8.61 करोड़ महिलाएं, जो देश की कुल महिला श्रमिकों का 60 प्रतिशत हैं, वे सभी कृषि में कार्यरत हैं। ग्रामीण इलाकों में अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर महिलाओं का अनुपात, 84 प्रतिशत है। दूसरी ओर, कृषि-व्यवसायों में भी, सभी पदों पर महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक बनी हुई है। इसलिए शिखर सम्मेलन का उद्देश्य है, भारतीय कृषि में महिलाओं की महत्वपूर्ण लेकिन अक्सर दरकिनार की गई भूमिका को उजागर करना।

कृषि-खाद्य क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार क्षमता बढ़ाने पर पैनल चर्चा में कौशल अंतराल (स्किल गैप) के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से चर्चा की गई, जिसका सामना क्षेत्र में महिलाओं को करना पड़ता है और इस पर भी बात हुई कि कैसे शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्र के बीच गठजोड इस परेशानी को दूर करने में सहायता कर सकता है। अन्य पैनल चर्चा में नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं को शामिल करने और आगे बढ़ाने पर बात हुई और उद्योग में महिलाओं को सशक्त बनाने की जरूरत पर रोशनी डालते हुए विचारों का आदान- प्रदान हुआ।

जीएवीएल के प्रबंध निदेशक बलराम सिंह यादव ने कहा कि कृषि क्षेत्र में हमारी महिला किसानों की विशाल उपस्थिति और अपार योगदान के बावजूद, उनके पास आवश्यक संसाधनों की कमी है। इसलिए ऐसे देश में जहां हमें एक अरब से ज्यादा आबादी का पेट भरना है, हमें एक ऐसा पतितंत्र बनाने की जरूरत है, जो न केवल खेतों में बल्कि कृषि- व्यवसायों में भी महिलाओं को बढ़ावा दे। उन्हें आवश्यक ज्ञान, बुनियादी ढांचा और सहायता प्रदान करने से निश्चित रूप से हमें देश के समग्र कृषि उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## लोस चुनाव में राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी से निपु सिंह होंगे उम्मीदवार




**वरीय संवाददाता रांची।** राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री निपु सिंह को राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जायसवाल ने रांची लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि निपु सिंह ईमानदार और शिक्षित प्रत्याशी हैं। विगत कई वर्षों से नशा मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड के लिए संघर्षरत हैं। समाजसेवा में सक्रिय रहते हैं। यह देखते हुए पार्टी ने उन पर भरोसा जताया और टिकट दिया। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि युवाओं की पहली पसंद निपु सिंह होंगे। वह गरीबों की सेवा और गरीबों के दुख में साथ देते आ रहे हैं। प्राइवेट अस्पताल और प्राइवेट स्कूलों की मनमानी, सहारा इंडिया में गरीबों का फंसा पैसा, भ्रष्टाचार मुक्त और नशा मुक्त झारखंड सहित जनहित के अन्य मुद्दों को लेकर सक्रिय हैं।पार्टी का टिकट मिलने पर निपु सिंह ने कहा कि हर इंसान अपना सोच बदलें और पार्टी को नहीं देखें। शिक्षित और ईमानदार उम्मीदवार को देखकर वोट करें और ऐसे उम्मीदवार को चुनें जो आपका सुख-दुख में आपके साथ हो।

## लोकहित अधिकार पार्टी ने लोकसभा क्षेत्र के लिए 9 उम्मीदवार घोषित किया

**वरीय संवाददाता रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने झारखंड से लोकसभा चुनाव के लिए 9 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इसमें रांची लोकसभा सीट पर हरिनाथ साहू, पलामु से सनन राम भुईयां, हजारीबाग से कुंज बिहारी साव, राजमहल से इंद्रदेव मंडल, पश्चिमी सिंहभूम से सुभद्रा सिंकु, चतरा लोकसभा से संजय स्नेही, लोहरदगा से रामचंद्र भगत, गोड्डा लोकसभा सीट से टीपलाल साह व खूंटी से कांशीनाथ सांगा शामिल हैं। पार्टी के मुताबिक शेष पांच लोकसभा क्षेत्र दुमका , गिरिडीह , धनबाद , कोडरमा और पूर्वी सिंहभूम के लिए भी जल्द ही घोषणाएं की जाएगी।

## यूको बैंक में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

● महिलाओं का समुचित सम्मान, सभ्य समाज की पहचान : वंदना टेटे



**प्रतिनिधि, रांची।** राजधानी के मेन रोड (पीपी कंपाउंड लेन) स्थित यूको बैंक की शाखा में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंककर्मियों की ओर से प्रख्यात कवियत्री वंदना टेटे को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया था। श्रीमती टेटे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में देश में सरकारी और गैर सरकारी संगठनों की ओर से उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। यह सराहनीय व स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय सहभागिता के बिना सर्वांगीण विकास की बातें बेमानी है। श्रीमती टेटे ने कहा कि महिलाओं का समुचित सम्मान सभ्य समाज की पहचान है। इस अवसर पर यूको बैंक के जोनल हेड विक्रांत टंडन, डिप्टी जोनल हेड अंजू सिन्हा, मुख्य प्रबंधक श्रीकांत सिंह, नरेंद्र कुमार मिश्रा सहित यूको बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय व मेन रोड शाखा की महिला कर्मी मौजूद थीं।

## हजारीबाग लोकसभा भाजपा उम्मीदवार मनीष जयसवाल का करियातपुर में हुआ भव्य स्वागत

**प्रतिनिधि, बरही।** बरही प्रखण्ड के करियातपुर में लोकसभा सीट से भाजपा के सदर विधायक मनीष जायसवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। जिसके बाद सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का हर तरफ स्वागत किया जा रहा हैं। मंगलवार की देर शाम सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का आगमन करियातपुर में हुआ जहां लोगों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान दुर्गा मंदिर परिसर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। वही करियातपुर के विश्व हिंदू परिषद सामाजिक समरसता प्रमुख ने अंग वस्त्र, बुके और माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत समारोह में सैकड़ो की संख्या में करियातपुर पंचायत, धनवार पंचायत के लोग शामिल हुए। जिसमे जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडे, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड सामाजिक संस्था प्रमुख चंदन केशरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रितेश कुमार केशरी, उपमुखिया संतोष प्रजापति, कैलाश केशरी, पवन केशरी, संजय केशरी, कमलेश कुशवाहा, महामंत्री सागर कुमार, सकलदेव शर्मा, अभिषेक कुमार केशरी, धर्मेंद्र प्रजापति, संतोष केसरी, पवन केसरी, प्रमोद केसरी, भीम केसरी, राजकुमार रविदास, नरेश केसरी, अभिषेक सोनी, शशि सोनी, (अभिषेक इंडिया) रिंकू साहू, लकी केसरी, किरण वर्मा, नंदनी केशरी, प्रिया रानी, कलावती देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सर्वजन पेंशन योजना एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान सह अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

● सर्वजन पेंशन योजना के नए लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से मिली राशि

● मैट्रिक और इंटरमीडिएट में जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को किया गया सम्मानित



**प्रतिनिधि, हज़ारीबाग़।** सर्वजन पेंशन योजना (50 से 60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किश्त भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का सम्मान सह अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपायुक्त ने बड़ी संख्या में आए महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार ने पेंशन योजना में महिलाओं के लिए विशेष रूप से संशोधन करते हुए पेंशन योजना के लाभ के लिए सभी वर्ग की महिलाओं के लिए तथा अनुसूचित जाति और जनजाति के पुरुषों के लिए आयु सीमा 50 वर्ष कर इन वर्गो के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाई है। अब इस वर्ग के महिला और पुरुष 50 वर्ष की आयु में पेंशन के हकदार होगें। आज के कार्यक्रम में पेंशन योजना के नए लाभुकों को प्रथम किस्त की राशी हस्तांतरित की जायेगी। उपायुक्त ने उपस्थित महिलाओं को अंतराष्टीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। उन्होंने आज से प्रारंभ हो रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के शुभारंभ की जानकारी दी और बताया की प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़ा के माध्यम गर्भवती महिलाओं को अच्छा पौष्टिक भोजन खाने और स्वस्थ रहने के संबंध में जागरूक किया जाता है। उन्होंने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से बच्चियों के पढ़ाई के लिए दिए जाने वाले स्कॉलरशिप योजना से बड़ी संख्या में लाभुकों को जोड़ा गया है। पूर्व में यह योजना का लाभ एक माता पिता के दो बच्चियों के लिए था,लेकिन वर्तमान में इस योजना का लाभ 2 से अधिक बच्चियों के लिए भी सुलभ हो गया है।

उन्होंने जिले के दूर दराज क्षेत्रो से आए सहायिका, सेविका एवं लाभुकों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री विधवा पुर्नविवाह योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत मैट्रिक, इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृत्तीय स्थान प्राप्त करनेवाली बालिकाओं को सम्मानित किया जा रहा है।

सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक निवेदिता राय ने बताया कि सवर्जन पेशन योजना के तहत अब तक 4 हजार लाभुकों का पोर्टल पर ऑनलाईन प्रविष्टि की गई है, जिसमें तीन हजार लाभुको को प्रथम किस्त का लाभ दिया गया है।

**उपायुक्त के हाथों लाभुकों को मिली योजना की स्वीकृति व कई हुए सम्मानित**– 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के लाभुकों के लिए मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पांच लाभुकों को स्वीकृति प्रदान की गई। समाजिक सुरक्षा कोषांग, हजारीबाग के द्वारा राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना के तहत पांच लाभुकों को 20-20 हजार रुपए की चेक का वितरण किया गया।

सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के तहत छह लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत दो लाभुकों को चेक प्रदान किया गया। दो लाभुकों के बच्चों का अन्नप्राशन तथा छह गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कराया गया। प्लान इंडिया के तहत बाल विवाह के रोकथाम में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाली हजारीबाग की नाजिया परवीन तथा सबा परवीन को उपायुक्त के हाथों सम्मानित किया गया।

मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2023 में जिला स्तर पर इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, आर.एन प्लस टू हाई स्कूल पदमा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय झारपो,इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग, प्लस टू हाई स्कूल बरही,उत्क्रमित प्रोजेक्ट हाई स्कूल चरही के छात्र छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया।

12 आंगनबाड़ी के लिए सेविका/ सहायिकाओं को चयन पत्र वितरण दिया गया। एक दिव्यांग लाभुक को ट्राई साइकिल का लाभ दिया गया।

**पुस्तक का किया गया विमोचन**– सम्पन्न हुए कार्यक्रम में उपायुक्त के द्वारा जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग हजारीबाग के द्वारा *हजारीबाग एक नजर* नामक जिला स्तरीय पत्रिका का विमोचन किया गया।


**आयोजन स्थल पर लगे स्टॉल का उपायुक्त ने किया अवलोकन**– नगर भवन में संपन्न हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में समाज कल्याण द्वारा लगाए गए विभिन्न खाद्य पदार्थो की प्रदर्शनी का उपायुक्त ने अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त के अलावा सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता,जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी व अन्य मौजूद थे।

## यशवंत सिन्हा पहुंचे हजारीबाग, कार्यकर्ताओं ने कहा लोकसभा चुनाव लड़ें



**प्रतिनिधि,हज़ारीबाग़।** हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद पूर्व वित्त व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा के हजारीबाग आगमन विगत दिनों हुआ। इनके हजारीबाग आगमन होते ही उनके समर्थकों का हजूम पूर्व सांसद के आवास ऋषभ वाटिका में हर रोज उमड़ रहा है। आने वाले सभी समर्थकों की एक ही मांग है कि आप इस बार लोकसभा के चुनाव में अवश्य भाग लें और जिस विकास के रथ को अपने अपने कार्य कुशलता से हजारीबाग के विकास को चरम पर पहुंचा था, उस विकास रथ को तीव्र गति से आगे बढ़ाएं। यशवंत सिन्हा के समर्थन में कांग्रेस के विधायक अकेला यादव अपने समर्थकों के साथ यशवंत सिन्हा से आवास पर मुलाकात कर चुनाव में अपना पूर्ण समर्थन देने का भरोसा जताया। विधायक यादव ने कहा कि आपके नेतृत्व में ही हजारीबाग लोकसभा का विकास हो सकता है। हम सब साथ मिलकर ही हजारीबाग लोकसभा को भ्रष्टाचार से मुक्त करवाएंगे।इस अवसर पर बरही विधान सभा विधायक अकेला यादव और यशवंत सिन्हा ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर अपनी खुशी का इजहार किया।श्री सिन्हा के समर्थन में कल बड़कागांव विधान सभा की विधायिका अंबा प्रसाद ने भी औपचारिक मुलाकात कर उनसे चुनाव लड़ने का आग्रह किया। श्री सिन्हा के समर्थन में हजारीबाग सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर आर सी प्रसाद मेहता ने भी मुलाकात कर अपना पूर्ण समर्थन देने का भरोसा जताया। डॉक्टर मेहता ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा की जनता अब आपकी और आशा भरी नजरों से देख रही है। यशवंत सिन्हा को समर्थन करने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह भी अपने समर्थकों के साथ मुलाकात कर अपना पूर्ण समर्थन देने का भरोसा जताया। यशवंत सिन्हा के आवास पर समाज के प्रमुख लोगों ने मुलाकात कर अपनी सहमति जताते हुए एक ही मांग किया कि आप ही इस लोकसभा का नेतृत्व करने के सबसे श्रेष्ठ व्यक्ति साबित हो सकते हैं। यशवंत सिन्हा ने सभी लोगों को भरोसा दिया कि सही समय में सही निर्णय कर आप सभी तमाम शुभचिंतकों को अवगत कराऊंगा। आप सबों ने मुझे सहयोग के लिए और समर्थन करने के लिए भरोसा दिया है। इसके लिए मैं आप सभी का आभारी रहूंगा। उक्त आशय की जानकारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## मोरारीबापू ने झारखंड में हुए ट्रेन हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**वरीय संवाददाता रांची।** कुछ दिन पहले झारखंड के जामताड़ा और कालाजारिया रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन हादसा हुआ था, जिसमें प्राप्त खबरों के मुताबिक 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना तब हुई जब आग लगने की जानकारी के बीच यात्री ट्रेन से उतर गए और आग से बचने के लिए पटरी पार करने का प्रयास करते समय दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। इस घटना में 12 लोगों की जान जाने के साथ-साथ कई अन्य घायल भी हुए।पूज्य मोरारीबापू को इस दुखद घटना की खबर अयोध्या राम कथा के दौरान मिली। उन्होंने इस घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी है और प्रत्येक मृतक के परिवारों को पंद्रह-पंद्रह हजार रुपये, यानी कि कुल 1,80,00 रुपये की सहायता राशि अर्पण की है। यह राशि अयोध्या रामकथा के मनोरथी परिवार द्वारा पहुंचाई जाएगी। बनारस स्थित रामकथा श्रोता भी इसमें अपना सहयोग देंगे।पूज्य मोरारीबापू ने सभी मृतकों के निर्वाण के लिए प्रार्थना की है और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

**जनहित में विधायक के बढ़ते कदम**

## खिजरी विधानसभा क्षेत्र में राजेश कच्छप ने जनता से किए वादों को किया पूरा

● पांच किमी सड़क निर्माण की रखी आधारशिला

**विशेष संवाददाता**

**रांची/नामकुम।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश कच्छप जनहित के प्रति समर्पित हैं। जन समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है। श्री कच्छप जनहित को तवज्जो देते हुए क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में सतत प्रयासरत हैं। इस क्रम में बुधवार को विधायक राजेश कच्छप नामकुम क्षेत्र की वर्षो पुरानी जनता की मांगों को पूरा करने में सफल रहे। विधायक की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड सरकार से स्वीकृत योजना नामकुम प्रखंड के हुड़वा पंचायत में पंचायत भवन भंडार टोली से दो सिमाना एवं राईटोली भाया हुड़वा



रिची पहाड़ तक (5.175 किमी) (कुल लागत 5,51,99,700/- रुपये) पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि चुनाव के समय ग्रामीणों से वादा किया था कि उक्त पथ का निर्माण करा देंगे। गौरतलब है कि वर्ष 1988 में उक्त पथ ग्रेड एक हुआ था। उसके बाद आज 35 साल बाद खिजरी विधायक राजेश कच्छप की अनुशंसा पर स्वीकृत होकर बन रहा है। ग्रामीण हर बार रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते थे, राजेश कच्छप ने ग्रामीणों की मांगों को पूरा किया। यह सड़क बनने पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक चुनाव के समय सभी पार्टी के उम्मीदवार आते रहे और सड़क बनाने का आश्वासन देते थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी के विधान सभा चुनाव 2019 के उम्मीदवार राजेश कच्छप ने जो वादा किया था उसे पूरा करके दिखाया। मौके पर प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, मुखिया शिवचरण कच्छप, पंचायत समिति सदस्य कल्याण लिंडा, जीता कच्छप (मुखिया डुगरी), मंगरा कच्छप, पंचायत समिति सदस्य, सतीश पंडा, विधायक प्रतिनिधि, चम्पा टोप्पो ग्राम प्रधान, करण मुंडा, पंचायत समिति सदस्य, अन्ना ज्योति होरो, उप मुखिया, माधो कच्छप, प्रदीप तिर्की, चमरा भोगता, पालहो देवी, सुचिता टोप्पो, संजू टोपनो, माईकल लिंडा, भीम पहान, सिरका पहान, सोमरा पहान, मंजू लिंडा सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# भोलेनाथ की प्रतिमा व शिवलिंग का कराया गया नगर भ्रमण



**प्रतिनिधि,कान्हाचट्टी।** कान्हाचट्टी( चतरा )प्रखंड के बूढ़ीगड़ा गांव में शिव प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के दूसरे दिन बुधवार को भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा व शिवलिंग का नगर भ्रमण कराया गया। मंदिर स्थल से ढोल बाजा व बैंडबाजों के साथ सैकड़ों महिला- पुरुष जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण में शामिल हुए। पूरे गांव व विभिन्न मंदिरों का भ्रमण करते हुए शिवलिंग व प्रतिमा को वापस मंदिर में लाया गया। यहां उसकी स्थापना की गई। नगर भ्रमण के दौरान गांव का माहौल पूरी तरह से भक्ति के रंग में डूबा दिखा। छोटे से लेकर बड़े तक उत्साह से लबरेज दिखे। हर ओर से सिर्फ हर-हर महादेव के जयघोष ही सुनाई दे रहे थे। वहीं नगर भवन के दौरान लोगों ने भगवान शंकर का आशीर्वाद लेते हुए सुख शांति व समृद्धि की कामना की। 10 वर्ष पुरानी शिव मंदिर का किया गया जीर्णोद्धार आयोजक समिति के अध्यक्ष सोनू सिंह ने बताया कि यह मंदिर 10 वर्ष पुरानी थी। जो जर्जर हो चुकी थी। जिसका गांव के लोगों ने आपसी सहयोग से भगवान शिव का मंदिर बनाया गया और उसके बाद भगवान शिव की प्रतिमा व शिवलिंग स्थापित की जा रही है। मंदिर से गांव के लोगों के आस्था जुड़ी हुई है। ऐसी मान्यता है कि यहां मांगी मुरादे अवश्य पूरी होती है। इस मौके पर सोनू सिंह, शंकर सिंह, लोकेश सिंह, कलेक्टर सिंहसहित अन्य मौजूद रहे।


# समाजसेवी पवन बजाज को मातृ शोक

**वरीय संवाददाता रांची।** शहर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी पवन बजाज की माताजी श्रीमती गीताश्री बजाज का गोलोकवास बुधवार ( 6 मार्च 2024 ) को श्रीराम गार्डेन, कांके रोड ( रांची ) स्थित निवास स्थान पर हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 मार्च, (गुरुवार), प्रातः11 बजे हरमू रोड मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी। स्व.गीताश्री बजाज, धर्मपत्नी स्व.राजेंद्र प्रसाद बजाज ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व व्यावसायिक संगठनों में सक्रिय योगदान एवं पदों को सुशोभित किया है। उनकी अंतिम इच्छा नेत्रदान की थी। उन्होंने पूर्व में ही नेत्रदान के लिए अपना फॉर्म भर दिया था। मृत्यु पश्चात उनके पुत्र पवन बजाज ने नेत्र दान कराया।

धर्मपरायण व कुशल गृहणी के रूप में सदैव अपने परिवार को संस्कार से अभिसिंचित करती रही। स्व.गीताश्री ने अपने पीछे पुत्र, पुत्रियां, पौत्र, पौत्री, बहुएं, नाती, नतिनी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

भागचंद पोद्दार, राजकुमार केडिया, प्रकाश चंद सेठी, संतोष सरावगी, विनोद जैन, मनोज बजाज, प्रमोद सारस्वत, कमल केडिया , श्याम सुंदर बजाज, प्रकाश सेठी, विक्की जैन,सत्यनारायण सिंह, तपन सेन,सहित अन्य शुभचिंतकों, संस्थाओं के गणमान्य ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए उमड़ी भीड़



**वरीय संवाददाता रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय, कांके (पिठौरिया) में चल रहे द्वादश ज्योतिर्लिंग मेला के पांचवें दिन ध्वनि एवं प्रकाश से सुसज्जित द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए भक्तो की भीड़ उमड़ी।12 दिवसीय इस मेले में विशेष आकर्षण द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन , अनोखा अनवरत दुग्धा अभिषेक, आध्यात्मिक चित्र पदर्शनी,शिव शंकर की चैतन्य झांकी व बच्चों के लिए मूल्य आधारित ज्ञान भी बताया गया। इस अवसर पर बीके राजमती ने कहा कि महाशिवरात्रि में सनातन संस्कृति में विशिष्ठ महत्व है। दुनिया में जब किसी का जन्म होता है तो जन्मदिवस ही मानते है न कि जन्म रात्रि। संपूर्ण जगत के देवों के देव महादेव भगवान शिव का ही एक ऐसा अनोखा स्वरूप है जिसके अवतरण दिवस को महाशिवरात्रि के रूप में मनाते हैं ,न की जन्मदिन के रूप में। इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी, संपति देवी,राहुल कुमार दुबे,शुभम चौधरी, उर्मिला देवी,लीला देवी, यशवंत कुमार अपनी सेवा दे रहे हैं।

# चौपारण पुलिस को नशे के कारोबारियों के विरुद्ध मिली बड़ी सफलता 3 किलो अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**प्रतिनिधि,चौपारण।** चौपारण( हजारीबाग ) थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा लगातार हो रही है कार्रवाई के बावजूद भी मादक पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला चौपारण थाना क्षेत्र का है। मंगलवार की रात पुलिस अधीक्षक हज़ारीबाग़ को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग बरही तरफ से एक वाहन में अवैध रूप से अफ़ीम तस्करी के लिए चौपारण के रास्ते बिहार की ओर ले जा रहे हैं। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही नौशाद आलम के नेतृत्व में चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एएसआई मदन मुंडा एवं सशस्त्र बल के जवानों ने चोरदाहा चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच की। इसी क्रम में मोटरसाइकिल नंबर छ्वा02BB 4962 की डिक्की में करीब 3 किलो अफीम रखा हुआ मिला। जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए की बताई जा रही है। इस संबंध में चौपारण थाना कांड संख्या 60/24 दिनांक 06/03/24 धारा 414/34 भा0द0वि0 एवं 17(ष्ट)/18(ड्ढ)/22(ष्ट) NDPS Act दर्ज किया गया है एवं इस मामले में फागू मुंडा पिता स्वर्गीय लखीरम मुंडा ग्राम चमरगड्डा थाना चौपारण जिला हज़ारीबाग़ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त प्रेस वार्ता में दी। हाल ही में चौपारण पुलिस ने चोरदाहा चेक पोस्ट के पास वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के अंदर 22 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई थी।

# श्री शिव हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का महाभंडारे के साथ समापन

**वरीय संवाददाता रांची।** नव युवक संघ, शांतिनगर के तत्वावधान में न्यू शांतिनगर,महुआ टोली (सुखदेवनगर थाना के पीछे) श्री शिव हनुमान मंदिर के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन बुधवार को किया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ कलश शोभायात्रा से हुआ। दूसरे दिन भजन-कीर्तन के साथ पूजन एवं नगर भ्रमण और तीसरे दिन बुधवार को विद्वान पुजारी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना एवं हवन पाठ कर प्राण प्रतिष्ठा हुई।सायं भोग लगा महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। इस महोत्सव में मुख्य अतिथि रांची के विधायक सीपी सिंह,विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता सह समाजसेवी भीम प्रभाकर,अनिल कुमार,राहुल चौधरी,संजय चौधरी,शिव किशोर शर्मा,पूर्व वार्ड पार्षद आशा देवी,विजय कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।तीन दिवसीय महोत्सव को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक रामदेव सिंह,संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता,बसंत कुमार चंद्रवंशी,अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह,उपाध्यक्ष पदुम साव,सचिव अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष छत्रधारी साव,उप कोषाध्यक्ष रंजीत साव,सहित छोटू कुमार,बजरंगी शर्मा,विक्की गुप्ता,गोपाल कुमार,कामेश गुप्ता, सूरज साव,नीरज कुमार,कृष्णा घोष,लक्ष्मी साव,मोनू ठाकुर, रूपेश कुमार गुप्ता,सागर कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान एवं पोषण पखवाड़ा का हुआ आयोजन



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान एवं पोषण पखवाड़ा का आयोजन बुधवार को शहर के रविन्द्र भवन टाउन हॉल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री आलमगीर आलम ( संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार), उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल, विधायक, लिट्टीपाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र दिनेश विलियम मरांडी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला परिषद, अध्यक्ष जूली खिष्टमणी हेम्ब्रम, उप विकास आयुक्त मो0 शाहिद अख्तर, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता मो0 जियाउल अंसारी, एवं अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना में पेंशन लाभुकों की उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष की गई है। इस पेंशन योजना के अन्तर्गत राज्य की महिला तथा अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के 50-60 वर्ष आयुवर्ग के पुरुषों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। 50-60 वर्ष आयुवर्ग के महिलाओं, अनुसूचित जनजाति (एसटी) तथा अनुसूचित्त जाति (एससी) के योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत योजना से अच्छादित किया गया है। मुख्यमंत्री वृद्धा व्यवस्था योजना में जिला में कुल 21 हजार आवेदन आए हैं। जिसमें से 9 हजार 147 आवेदन को एनएसएपी पोर्टल में एंट्री कर दिया गया है। साथ ही आज पोषण पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। पोषण पखवाड़ा से संबंधित स्टाल लगाए गए हैं। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि पहले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। जब तक विधवाओं की उम्र 40 वर्ष और दिव्यांगों की उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं हो जाती थी, उन्हें पेंशन योजना से नहीं जोड़ा जाता था। लेकिन, हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर इन सारी बाध्यताओं को खत्म कर दिया है। आज सभी योग्य पात्रों को यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का लाभ लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले 60 से ऊपर वाले लोगों को पेंशन मिलता था, अब हमारी सरकार ने 50 वर्ष से 60 वर्ष के बीच के लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने का काम किया है। इस योजना के अंतर्गत 21 हजार लोगों का आवेदन आया है जिसमें से 4270 लाभुकों के खाते में आज राशि भेज दी गई है। शेष लाभुकों को मार्च महीने के अंत तक राशि लाभुकों के खाते में भेज दी जाएगी। हमारी सरकार ने अबुआ आवास की शुरुआत की है। और आने वाले दिनों में नए-नए रोजगार को लेकर हमारी सरकार मंथन कर रही है लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के तहत हजारों महिलाओं को रोजगार देने का काम किया गया है। झारखंड सरकार के उपलब्धियों को लेकर लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी,जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमणि हेंब्रम ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# कौशल जागरूकता वाहन को मंत्री आलमगीर आलम व उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम, उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल, लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी, उप विकास आयुक्त मो0 शाहिद अख्तर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस निशिकांत नीरज के द्वारा संयुक्त रूप से जेएसएलपीएस अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर रविन्द्र भवन टाउन हॉल से 02 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस कौशल रथ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDUGKY ) कार्यक्रम की जागरूकता, पहचान और दृश्यता को बढ़ाना है ताकि अधिक से अधिक युवा इस योजना के माध्यम से रोजगार से जुड़ सके।जेएसएलपीएस की दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) झारखंड के ग्रामीण युवाओं को उनकी रुचि और आकांक्षा के अनुसार वेतन-आधारित रोजगार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्लेसमेंट लिंक प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक कौशल इकाई है। पाकुड़ जिले के सभी 06 प्रखंडों में दिनांक 06 मार्च से 10 मार्च 2024 (05 दिवस तक) डीडीयू-जीकेवाई कौशल रथ के माध्यम से योजना का प्रचार प्रसार किया जाएगा। सूचना शिक्षा संचार (आईईसी) थीम के तहत कौशल रथ कार्यक्रम लाभार्थियों के पक्ष में जागरूकता में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर JSLPS ·Ô¤ (DDU-GKY) के जिला समन्वयक इस्माइल शेख, मोहन साहा, मृणाल प्रमाणिक, रहमातुल्ला, सज्जाद नासिर एवं अन्य जिला कर्मी एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआई ने इलेक्ट्रिक वाहनों को अपने बेड़े में शामिल किया



**विशेष संवाददाता रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने 10 इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को हरी झंडी दिखाकर संस्थान के बेड़े में शामिल किया। सीएमपीडीआई, सतत् विकास के अपने प्रयास में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया है। इससे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने, वायु गुणवत्ता के बेहतर होने और ध्वनि प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक (तकनीकी/पीआर) एसके दुबे तथा संस्थान के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**उक्त जानकारी संजय कुमार दुबे महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) ने दी।**

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में शामिल हुए ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी

- **मातृशक्ति संस्कृति एवं सभ्यता की संवाहक तथा सन्तान की प्रथम गुरु होने के साथ-साथ सृष्टि की संवर्धन एवं संरक्षक भी है: श्री तिवारी**

**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो**



**चतरा।** ग्रामोदय चेतना केंद्र, परिसर टेलीकॉम टावर रोड, चतरा परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकदिवसीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का विषय ÷किशोरी एवं युवा वर्ग के महिलाओं की आवश्यकताएं चाहत और कानून÷ पर महिलाओं को समझाया गया। श्री तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्त्री संस्कृति एवं सभ्यता की संवाहक तथा सन्तान की प्रथम गुरु होने के साथ-साथ सृष्टि की संवर्धन एवं संरक्षक भी है। मनुष्य का सारा जीवन स्त्री को केंद्रित कर ही अपना पथ निर्धारित करता है। यदि स्त्री केंद्र से हटकर परिधि पर आ जाये तो व्यक्ति का जीवन अनियंत्रित और उद्देश्य विहीन हो जाता है। नारी शक्ति की माता पर विशेष रूप से उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता का निवास होता है और उसे परिवेश में रहने वाले सभी लोगों में देवत्व की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान में बढ़ोतरी तभी संभव जब महिला शिक्षित हो मां अपनी संतान की प्रथम गुरु होती है अतः चाहिए कि सभी माताएं अपने बच्चों को सबसे पहले स्त्री का सम्मान करना सिखाए। महिलाओं को सकारात्मक सोच के साथ अपनी आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए। उनके आत्मविश्वास से ही एक सुदृढ़ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। हमारे पौराणिक ग में भी इस बात की ओर विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट कराया गया है। दुर्गा, काली, जग जननी इत्यादि रूपों में आदिशक्ति का स्थान प्रदान कर उनके पूजनीय स्वरूपों की परिकल्पना की गई है। हमारी संस्कृति में यह अवधारणा अनादि काल से चली आ रही है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इस बात की आवश्यकता है की स्त्री शक्ति अपने अवसरों को पहचान कर स्वयं को सशक्त बनाते हुए एक सशक्त एवं स संस्कृत परिवेश के निर्माण में अपना योगदान दें।इस अवसर पर गंधारिया मुखिया अनीता यादव ,बद्री वर्मा ,सविता बनर्जी समेत सैकड़ों की संख्या में उपस्थित मातृशक्ति के साथ गणमान्य लोग भी सम्मिलित थे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा से मिले बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला

- **नये राजनीतिक कयासों का बाजार गरमाया**



**प्रतिनिधि, चौपारण (हजारीबाग)।** बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला देश के पूर्व केंद्रीय वित्त एवं विदेश मंत्री एवं दिग्गज नेता यशवंत सिन्हा से हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर शिष्टाचार मुलाकात किया। वर्तमान राजनीतिक हलचलों के बीच नेता द्वय का मिलना कहीं ना कहीं एक नए राजनीतिक समीकरण की ओर संकेत दे रहा है। कांग्रेस विधायक श्रीअकेला ने कांग्रेस आला कमान के इशारे पर बरही विधान सभा के सभी प्रखंडों में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड स्तरीय बैठक कर आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए लोकसभा की सीट को हासिल करने की रणनीति तैयार करने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने बुथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा था कि हजारीबाग लोकसभा में भाजपा को हराने के लिए एक तरफ गठबंधन और दूसरी तरफ पूर्व केंद्रीय वित्त एवं विदेश मंत्री दिग्गज नेता यशवंत सिन्हा को हजारीबाग लोकसभा सीट का उम्मीदवार बनाना होगा। इसी उद्देश्य से आरसी प्रसाद मेहता, जिला परिषद सदस्य भाग 2 रविशंकर अकेला, चंदवारा 20 सूत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह, संजय यादव सहित कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्षों के साथ श्री सिंहा से मुलाकात कर चुनाव की रणनीति पर मुहर लगवाने के उद्देश्य से जसवंत सिंहा से मिलने के लिए विधायक हजारीबाग पहुंचे थे। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि इस बार हजारीबाग इंडिया गठबंधन की ओर से श्री सिंहा के उम्मीदवार होने के कयास लगाए जा रहे हैं। इस मुलाकात से चौपारण में एक बार फिर राजनीतिक माहौल गरमाने लगा है और लोग कहने लगे हैं कि राजनीति के क्षेत्र में एक कद्दावर नेता की हैसियत से श्री सिंहा इंडिया गठबंधन के लिए योग्य उम्मीदवार के रूप में देखे जा रहे हैं। राजनीति के कई पारियों में अपनी सफलता का परचम लहरा चुके जसवंत सिंह पर इंडिया गठबंधन की उम्मीद टिकी हुई है। एक नई विचारधारा की सुगबुगाहट की चर्चा जोरों पर है कि शेर के बूढ़ा होने के बाद भी शिकार करने की महारत शेर के अंदर कायम रहती है।

# दांत स्वच्छ जीवन शैली के मुख्य आधार हैं, समयानुसार दांत की सफाई और चिकित्सा जरूरी : मुकुंद साव



**प्रतिनिधि, चौपारण।** चौपारण (हजारीबाग) एक खूबसूरत मुस्कुराहट किसी का भी दिल जीत सकती है और ये मुस्कुराहट तब बनी रह सकती है जब आपके दांत सेहतमंद हों। दांतों की सेहत बनाए रखने के लिए दांत के डॉक्टर के पास समय-समय पर जाना चाहिए। उक्त बाते आज एक आयुर्वेदिक चिकित्सा की परिचर्चा में केयर के पूर्व प्रशिक्षक मुकुंद साव ने कहा, उन्होंने कहा कि दांतों को लेकर लोगों की सोच में धीरे-धीरे काफी बदलाव आया है, वहीं इनके उपचार के कई तरीके भी सामने आए हैं। एक समय था कि दंत रोगियों की संख्या गिनती की होती थी लेकिन अब सरकारी एवं निजी अस्पतालों में दांतों की जांच कराने या परामर्श लेने वालों की कतारें लगी रहती हैं। लेकिन दांतो को लेकर जागरूकता बढ़ी है।राष्ट्रीय दंत चिकित्सा दिवस का उद्देश्य भी यही है, श्री साव ने बताया कि राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस हर साल 6 मार्च को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत दंत चिकित्सकों के लिए प्रशंसा और धन्यवाद के तौर पर की गई थी। साथ ही यह दंत चिकित्सा के प्रति जागरूकता लाने का एक सफल प्रयास भी है ताकि लोग अपने दांतों की देखभाल करने के तरीके के बारे में अधिक से अधिक जान सकें। यह उन लोगों को भी प्रोत्साहित करता है जो चेकअप के लिए दांत के डॉक्टर के पास आने से बचते हैं। मुकुंद साव ने बताया कि तनाव का भी दांतों की सेहत पर बुरा असर होता है। दंत चिकित्सकों का मानना है कि तनाव के चलते कई लोग मदिरा पान और धूम्रपान शुरू कर देते हैं, जिसका सीधा असर भविष्य में दांतों पर पड़ता है। खट्टे व अम्लीय तरल पदार्थों के सेवन का असर भी दातों को प्रभावित करता है इसलिए बहुत कम मात्रा में इनका सेवन करना चाहिए। डॉक्टर्स बताते हैं कि फास्ट एवं रिफाइंड फूड का उपयोग बढ़ जाने से दूध के दांत भी समय से पहले गिर जाते हैं। दातों की इन समस्या को नजरअंदाज करने पर कई तरह की बीमारियां हो सकती है इसके लिए समय-समय पर दांतों की जांच करवानी चाहिए, मुकुंद साव ने कहा कि मनुष्य को दांतो की देखभाल भी स्वयं करना चाहिए, हल्के हाथों से दिन में दो बार दांतों के ऊपर और नीचे के हिस्से की सफाई करें ,शीतल पेय, डिब्बा बंद फलों के जूस, अधिक चीनी युक्त भोजन और अम्लीय जूस का सीमित मात्रा में ही सेवन करें ,डॉक्टर की सलाह के अनुसार हर 6 महीने या साल में एक बार दांतों की सफाई जरूर करवाए, दांत को मजबूत रखने के लिए नियमित रूप से सुबह सोकर उठने के बाद और सोने से पहले ब्रश करें ब्रश कठोर नहीं होना चाहिए, खाना खाने के बाद मिठाई खाने के बजाय सेव ,नाशपाती ,गाजर ,संतरा आदि का सेवन करें,ये डिटर्जेंट फूड कहलाते हैं जो दातों की सफाई करते हैं टूथब्रश को बंद डिब्बे में ना रखें खुली जगह में रखें इस्तेमाल के बाद इससे अच्छी तरह से धो कर साफ करके ही रखें। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से दांतों का स्वस्थ होना भी आवश्यक है। इसलिए समय-समय पर चिकित्साकिय सलाह इस दिशा में महत्वपूर्ण है एवं दांतों की समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# सामूहिक विवाह के नाम पर जमकर चंदा उगाही किए हैं भानु प्रताप शाही



**प्रतिनिधि, श्री बंशीधर नगर( गढ़वा )।** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा गरबाँध में न्याय यात्रा का आयोजन किया गया। झामुमो के सैकड़ो लोग पंचायत के पाटगढ़ से राजा तालाब तक मार्च में भाग लिए। इस दौरान केंद्रीय एजेंसी के विरोध और हेमंत सोरेन के समर्थन में जमकर नारेबाजी किया। राजा तालाब के समीप जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी पार्टी के नेताओ को परेशान कर रही है। झूठे केस में फंसाकर विपक्ष के नेताओ को दबाने का काम किया जा रहा है। यह लोकतंत्र की हत्या है। जबकि सबसे अधिक भ्र्ष्टाचार में लिप्त भाजपा के लोग हैं। भाजपा के भ्र्ष्टाचार में संलिप्त लोगों पर कोई कार्यवाई नही हो रहा है। हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसाकर भाजपा के लोग जेल में डालने का काम किया है। यहां की जनता और झामुमो इसे बर्दास्त नही करेगी। जब तक न्याय नही मिल जाता झामुमो का आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान पूर्व विधायक ने विधायक भानू प्रताप शाही पर भी जमकर हमला बोला। कहा कि सामुहिक विवाह के नाम पर पूरे क्षेत्र में चंदा उगाही की गई है। चंदा उगाही कर नाच गाना कराना शर्म की बात है। कार्यक्रम के दौरान 21 लोग झामुमो में शामिल हुए। सभी को पूर्व विधायक ने पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम में अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, सोहन उरांव, अमरनाथ पांडेय, दिनेश यादव, जितेश गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, रंजीत यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, जितेंद्र राम सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर नीतीश चंद्रवंशी, रामजन्म चंद्रवंशी, परिखन उरांव, किरण देवी, झालो देवी, दामोदर साह, प्रभु उरांव, नीतीश चंद्रवंशी, अशोक यादव, ओमनाथ गुप्ता, नंदू ठाकुर, कुचिया देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## संपादकीय

# उच्च न्यायालय ने राम रहीम को बार-बार पैरोल देने पर उठाए सवाल

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जो नियम-कायदे अपवाद स्थितियों में लागू करने के लिए बनाए गए हैं, खुद सरकारें उनका दुरुपयोग करने से नहीं हिचकतीं। बलात्कार और हत्या के अपराध में जेल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को लेकर हरियाणा सरकार की इस उदारता का मतलब समझना मुश्किल है, कि क्यों उसे बार-बार पैरोल दिया जाता रहा है।हरियाणा सरकार के इस रुख पर तीखे सवाल उठ रहे थे, मगर उसकी अनदेखी करते हुए राम रहीम को पैरोल पर बाहर जाने की छूट मिलती रही। गौरतलब है कि कुछ समय पहले राम रहीम को फिर पचास दिनों की पैरोल दी गई। पिछले वर्ष भी उसे दो बार लंबी अवधि के लिए छुट्टी मिली थी। करीब दस महीने में उसे सात बार और पिछले चार वर्षों में नौ बार पैरोल दी गई।इस तरह अब तक उसे करीब आठ महीने जेल से बाहर रहने का मौका मिल चुका है। अब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने राम रहीम को बार-बार पैरोल देने को लेकर सवाल उठाए हैं और हरियाणा सरकार से कहा कि आगे वह अदालत की इजाजत के बिना राम रहीम को पैरोल न दे।हरियाणा सरकार की दलील है कि यह सुविधा नियमों के तहत दी गई। मगर सवाल है कि एक आपराधिक पृष्ठभूमि वाले और तीन मामलों में सजा पाए व्यक्ति की तरह और कितने अन्य लोगों को इसी आधार पर पैरोल दी गई है। गौरतलब है कि पैरोल नियमों के तहत कैदियों को सीमित अवधि के लिए कुछ शर्तों के साथ जेल से बाहर जाने की इजाजत देना राज्य सरकारों के अधिकार-क्षेत्र में आता है।मगर किसी खास कैदी के लिए सरकार के इस हद तक उदार हो जाने के पीछे क्या वजह हो सकती है? क्या यह अपवाद जैसी स्थितियों में या मानवीय आधार पर किसी कैदी को राहत देने के लिए बनाए गए नियम का बेजा इस्तेमाल नहीं है? क्या इसे कानूनों के सहारे अलग-अलग कैदियों के साथ भेदभाव नहीं माना जाएगा? इस मसले पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का हस्तक्षेप पैरोल जै।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने में कारगर होगी एआई

(जसप्रीत बिंद्रा, तकनीक विशेषज्ञ)

पिछले करीब दो वर्षों से तकनीकी दुनिया की बहस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इससे होने वाले नफे-नुकसान के आस-पास सिमटी रही है। हालांकि, पिछले साल के उत्तरार्द्ध में इस विमर्श का रुख नकारात्मक हो गया, क्योंकि पूर्वाग्रह, कॉपीराइट, गोपनीयता और डीपफेक जैसे मुद्दे सामने आने लगे। अब जब दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों में चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तब 2024 वह साल साबित होने जा रहा है, जब एआई अपनी सबसे बड़ी परीक्षा देगी, और वह यह है कि यह लोकतंत्र के हित में मददगार होगी या इसके विनाश में?

इस साल भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, इंडोनेशिया जैसे कई बड़े देशों में चुनाव होने वाले हैं। बेशक जेनरेटिव एआई से पहले डीपफेक मौजूद थे, पर अब 'सोरा' और 'स्टेबल डिफ्यूजन' जैसे उत्पाद अधिक लोकतांत्रिक बना दिए गए हैं, जिससे ये कहीं ज्यादा आसान, तेज और सस्ते हो गए हैं। इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश व स्लोवाकिया में चुनाव हुए, और इन दोनों जगह डीपफेक एक अहम किरदार बनकर उभरा। बांग्लादेश में एक विपक्षी नेता को फलस्तीनियों के प्रति अपने समर्थन को लेकर असमंजस में देखा गया, जो वहां चुनावी जीत के लिए एक आत्मघाती कदम था। इसी तरह, स्लोवाकिया के चुनाव में एक प्रमुख दावेदार ने चुनावों में कथित धांधली की बात कही, और उससे भी अधिक चिंताजनक बात थी, बीयर की कीमत बढ़ाने का एलान, जो उनकी हार के कथित कारण बने। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की फर्जी आवाज में लोगों से अमेरिकी प्राइमरीज में वोट न करने का आग्रह पहले ही किया जा चुका है, और 2016 का कैंब्रिज एनालिटिका विवाद तो कई लोग अब भी नहीं भूले होंगे। इन सबने 2024 के चुनावों को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है।

हालांकि, मैं एआई को लेकर पूरी तरह आशान्वित हूं। यकीन न हो, तो पाकिस्तान का चुनाव देखिए। वहां एक पूर्व प्रधानमंत्री जेल में डाल दिए गए, उनकी पार्टी से चुनाव चिह्न छीन लिया गया और उनके उम्मीदवारों को डराया-धमकाया गया। बेशक, चुनाव नतीजों में अन्य पार्टियों की जीत की घोषणा की गई, लेकिन ज्यादातर रिपोर्टों में यही कहा गया कि भारी धांधली के बावजूद इमरान खान की पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है। इमरान ने सलाखों के भीतर रहते हुए चुनाव प्रचार के लिए जेनरेटिव एआई का इस्तेमाल किया और एआई से लोकतंत्र के खत्म होने संबंधी तमाम दावों की हवा निकाल दी। मैं यहां किसी का पक्ष नहीं ले रहा, लेकिन पाकिस्तान ने दिखाया है कि कैसे एआई का इस्तेमाल लोकतंत्र-विनाशक की भूमिका से इतर किया जा सकता है।

निस्संदेह, डीपफेक में विनाशक ताकत हैऔर भारत व अन्य देशों के चुनावों में हवा बनाने या बिगाड़ने में इसका उपयोग किया जा सकता है। मगर एआई से चुनाव-सुधार की दिशा में काफी कुछ किया जा सकता है। पाकिस्तान का चुनाव तो सिर्फएक पहलू है, एआई का इस्तेमाल चुनावों में पारदर्शिता व समावेशिता लाने और इसकी दक्षता बढ़ाने में किया जा सकता है। डाटा विश्लेषण की इसकी उन्नत क्षमताएं चुनाव-संबंधी डाटा की निगरानी कर सकती हैं, जिससे धोखाधड़ी को पकड़ा जा सकता है। यह मतदाता पंजीकरण या मत डालने से जुड़ी गड़बड़ियों का पता लगा सकती है। ईवीएम की सुरक्षा भी इससे बढ़ाई जा सकती है। घोषणापत्रों और प्रत्याशियों के बारे में स्थानीय बोली में, स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित सामग्रियां तैयार करके मतदाताओं को जागरूक किया जा सकता है। एआई की मदद से दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं, और मतदान केंद्रों पर लगने वाली बड़ी-बड़ी कतारें भी खत्म हो सकती हैं।

स्पष्ट है, एआई भी एक ऐसी तकनीक है, जो अत्यधिक विनाशकारी ताकत देती है, तो अप्रत्याशित लाभकारी क्षमता भी। हम जब डीपफेक की सहायता से चुनावों को प्रभावित करने संबंधी नापाक मंशा को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, तब हमें यह भी देखना चाहिए कि इस तकनीक से हमारे देश के लोकतंत्र को किस तरह से बेहतर बनाया जा सकता है? इमरान खान की जीत से दुनिया भर में एआई की इस क्षमता का पता चलता है, फिर चाहे यह बेशक अभी अपूर्ण हो। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# लोकसभा चुनाव 2024 में नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

**भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।**

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे?

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा।

भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।

इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलायंस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया।

वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलायंस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ''आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।'' खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं।

ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है।

इंडी अलायंस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीश कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया।

नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याशियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी शर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेश दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है।

देश की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊर्जावान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देश और देशवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है। और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांश नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है।



विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देश को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है।

पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी। देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलायंस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है। लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी?

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी के चेहरे के सामने में विपक्ष की बिना चेहरे वाली एकजुटता जरूरी कमजोर नजर आएगी। लेकिन, इससे उसके असफल होने की गारंटी नहीं है। यदि विपक्ष सत्ता विरोधी लहर को भुनाने में कामयाब होता है और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने में सफल रहता है तो फिर उसे फायदा होगा। लेकिन, यदि सत्ता विरोधी लहर नजर नहीं आती है तो फिर मोदी के चेहरे का फायदा फिर भाजपा को मिलेगा। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार)।

# सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान, देशवासियों को है न्यायपालिका पर विश्वास

(रमेश सर्राफ धमोरा)

1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है।

04 मार्च 2024 को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।

1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है।



आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है।

यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड के राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या वोट देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के तहत छूट हासिल है।

इसी तरह कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था।

अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है।

याचिकाकर्ताओं ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था।

दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ताओं ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था।

चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29 (बी) का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है।

कुछ दिनो पूर्व चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने बड़ा फैसला करते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह की तरफ से घोषित बीजेपी कैंडिडेट मनोज कुमार सोनकर को मेयर के तौर पर विजेता घोषित करने का फैसला अवैध है और उसे खारिज किया जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पूरे चुनावी प्रक्रिया को खारिज करने से लोकतांत्रिक सिद्धांत के लिए विनाशकारी होगा क्योंकि यह सब पीठासीन अधिकारी के मिसकंडक्ट के कारण हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी मसीह ने जानबूझकर आठ बैलेट पेपर को विकृत किया है। इसलिये उनके खिलाफ मुकदमा चलाए जाने के लिए नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अनुच्छेद 142 के तहत विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए आदेश पारित करते हुए कहा था कि पूर्ण न्याय के लिए हम निर्देश जारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस और चीफ जस्टिस ने बैलेट पेपर और वीडियो का अवलोकन किया और खुद ही परीक्षण किया और पाया है कि वह विकृत नहीं है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जो रिजल्ट शीट है उसमें 12 वोट याचिकाकर्ता कुलदीप को मिले हैं। जबकि 16 वोट बीजेपी कैंडिडेट मनोज सोनकर को मिले थे और 8 बैलेट पेपर को पीठासीन अधिकारी ने अमान्य करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इन आठ बैलेट को मान्य करार दिया और कहा कि इनमें वोट कुलदीप कुमार के पक्ष में पड़े थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस तरह से कुलदीप कुमार को कुल 20 वोट मिले हैं और उन्हें मेयर पद पर विजेता घोषित किया जाता है।

भारत में इस तरह के फैसलों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होगी। वहीं गलत कार्य करने वालों के मन में भी भय व्याप्त होगा। उन्हे लगेगा कि उनके गलत कार्यो पर कभी भी कार्यवाही की जाकर उन्हे कटघरे में खड़ा किया जा सकता हैं। इसलिये गलत काम करने वाला सौ बार अच्छे बुरे की सोच कर ही अपना कदम उठायेगा। (लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

# वैश्य समाज की उप जातियों को, राजनीति में मिले समुचित हिस्सेदारी : महेश्वर साहु



**विशेष संवाददाता रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा है कि झारखंड प्रदेश तेली समाज के अध्यक्ष अरुण साहु एवं रौनियार वैश्य समाज के नेताओं सुखदेव प्रसाद, मनोज गुप्ता द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में अपने-अपने नेताओं के लिए सीटें मांगना बिलकुल जायज है। लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और सबका साथ, सबका विकास की बात केवल हवा में नहीं होनी चाहिए, बल्कि आबादी के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी भी मिलना चाहिए। श्री साहु ने कहा कि झारखंड में पूरे वैश्य समाज की 40 प्रतिशत आबादी है, जिस पर एक पार्टी विशेष अपना दावा जताती रही है तो राजनीति में अधिकार देने में भी सकारात्मक सोच रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिन जातियों की आबादी चार-पांच प्रतिशत है, उनको तीन-चार सीट दे दिया जाता है, फिर वैश्य समाज के लिए क्यों नहीं? महेश्वर साहु ने कहा कि चाहे राष्ट्रीय पार्टी भाजपा हो या कांग्रेस या फिर क्षेत्रीय पार्टियों को चाहिए कि 40 प्रतिशत आबादी वाले वैश्य समाज को लोकसभा में टिकट दे कर अपने नारों एवं बातों को सही साबित करें। भाजपा के पास जो तीन सीट बची हुई है, उसमें तेली और रौनियार समाज को उम्मीदवार बना कर वोट मांगने का अधिकार प्राप्त करना चाहिए। जबकि कांग्रेस-झामुमो-राजद नीत गठबंधन भी कम से कम तीन सीट वैश्य समाज को दे कर सामाजिक न्याय के नारे को साकार करे। श्री साहु ने कहा कि झारखंड में सुरक्षित छह लोकसभा की सीटों में भी वैश्य समाज बड़ी संख्या में हैं और चुनाव को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। जो राजनीतिक दल समान्य सीटों पर वैश्य समाज को टिकट नहीं देंगे, दरकिनार करेंगे, इसका खामियाजा उन्हें सुरक्षित सीटों पर भी भुगतान पड़ सकता है। इस बात का ध्यान रखना चाहिए। श्री साहु ने कहा कि 10 मार्च को रांची में वैश्य मोर्चा की कोर कमिटी की बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

# लोयला विद्यालय में योग की तकनीक से अवगत हुए छात्र

- प्रत्येक बुधवार को योग की होगी नियमित कक्षाएं- एमके वर्णवाल



**प्रतिनिधि, चुरचू।** प्रखंड के लोयला विद्यालय में अब नियमित योग का सत्र चलाया जाएगा। सप्ताह के एक दिन बुधवार को अब योग प्रशिक्षक द्वारा छात्र - छात्राओं को नियमित योग की तकनीक बताई जाएगी। इस संबंध में विद्यालय के निदेशक एमके वर्णवाल ने बताया की योग प्रशिक्षक विजय कुमार दास द्वारा विद्यालय में सप्ताह के हरेक बुधवार के अहले सुबह योग सत्र चलाया जाएगा। योग का महत्व बढ़ रहा है। आये दिनों जिस तरह से लोग किसी न किसी रूप में बीमार हो रहे हैं ,उससे बचने के लिये नियमित योग करने की जरूरत है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए एक मात्र विकल्प योग ही है। हम सभी को नियमित योग करने की जरूरत है। जब तक हम अपनी दिनचर्या में योग को नही लाएंगे तबतक हमारा न मन और न तन स्वस्थ रह सकता है। इसलिए हमसभी को नियमित योग करने की जरूरत है। नियमित योग करने वाला आदमी निरोगी रहता है। वहीं अध्यनरत छात्र - छात्राओं को योग प्रशिक्षक विजय कुमार दास द्वारा अनुलोम - विलोम , आसन , प्रणायाम , ध्यान सहित कई तरह के योग की विधि को बतलाया गया। इस मौके पर लोयला विद्यालय प्रबंधक निदेशक एमके वर्णवाल , प्रधानाध्यापक सुभाषित स्पाइन, शिक्षक नीतू कुमारी, टैरेसा गिल्बर्ट ,द्वारिका सिंह, अभिमन्यु कुमार, श्वेता कुमारी, अलीशा खातून, प्रियंका कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

# खरीदारी के लिए लोग परिवार संग पहुंच रहे मेगा ट्रेड फेयर

- झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं जीएस मार्केटिंग के ट्रेड फेयर में उमड़ रही भीड़



**विशेष संवाददाता रांची।** मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के पांचवे दिन (बुधवार को) लोगों की भीड़ खरीदारी करने के लिए पहुंची। खरीदारी करने के लिए रांची समेत अन्य जिलों के लोग भी पहुंच रहे हैं। बुधवार को भी फेयर में लोगों का आना लगा रहा। प्रत्येक स्टाल में लोगों की भीड़ दिखी, जो अपनी जरूरत की चीजें खरीदारी करते नजर आये। फेयर में एथनिक वियर और जूतियों से लेकर फैशन के सामान और जूतों तक, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से लेकर घर और सजावट, रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल तक, सब कुछ केवल ट्रेड फेयर में एक ही छत के नीचे देखा जा सकता है। उपभोक्ता वस्तुओं के साथ-साथ भोजन, कपड़े और फर्नीचर से लेकर स्वास्थ्य देखभाल, सौंदर्य प्रसाधन और हस्तशिल्प तक की वस्तुओं और वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया है। इसके अलावा राजस्थानी और गुजराती स्नैक्स और विभिन्न राज्यों के अचारों के स्टाल पर भी भीड़ दिख रही है। गर्मी के कपड़ों सहित डिजायनर कपड़े महिलाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। फूड जोन में अनेक तरह के व्यंजनों का लुत्फ भी लोग उठा रहे हैं। मेले में प्रवेश शुल्क 30 रूपये है। ऑटो जोन में विभिन्न कंपनियों के कार को प्रदर्शित किया गया है। लोग इन कारों की जानकारी ले रहे हैं। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि झारखंड चैंबर का प्रयास है कि राज्य को व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जाये। इस दिशा में ट्रेड फेयर एक माइल स्टोन बन कर उभरेगा। ट्रेड फेयर में एक प्लेटफॉर्म बन कर उभर रहा है, जहां कंपनियां अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार के साथ बिक्री भी कर रही है। स्थानीय व्यापारियों को भी फायदा हो रहा है। यह जानकारी चैंबर के प्रवक्ता विकास विजयर्गीय ने दी। ट्रेड फेयर में हो रही भीड़ को देखते हुए चैम्बर से सचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेस अग्रवाल, विकास विजयवर्गीय, राम बांगर, साहित्य पवन मेले में विज़िटर्स का स्वागत किया।

# जिप सदस्य मो.आदिल अजीम, ने की पुल व सड़क निर्माण की मांग

**प्रतिनिधि,रांची/चान्हो।** जिला परिषद सदस्य मो.आदिल अजीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-75 (रांची-मेदिनीनगर पथ) पर मांडर प्रखंड के मलटोटी के समीप अधूरे पुल व सड़क का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू करने की मांग की है। मो.अजीम ने इस संबंध में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने यह उल्लेख किया है कि उक्त स्थल पर पुल निर्माण का कार्य अधूरा पड़े रहने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं।

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कर्णपुरा और कोयलांचल क्षेत्र में भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चलाया तूफानी जनसंपर्क अभियान



**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार को मनीष जायसवाल ने इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना करके बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण, बरही और पदमा प्रखंड क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कर्णपुरा और कोयलांचल क्षेत्र में करीब दो दर्जन क्षेत्रों में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया।

**केरेडारी के कंडाबेर माता स्थान में किया पूजा- अर्चना, मिला जीत का आशिर्वाद-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बुधवार को अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत केरेडारी प्रखंड स्थित कंडाबेर अवस्थित मां अष्टभुजी मंदिर में माता रानी का पूजा- अर्चना के साथ किया। उन्होंने यहां माता रानी की ओर से जीत का आशिर्वाद भी प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कुछ समय पूर्व भी मनीष जायसवाल ने यहां पूजा करके मन्नत मांगी थी तब भी उन्होंने यहां आशिर्वाद मिला था।

**समर्थक की भावुकता की खुशी देख द्रवीभूत हो उठे मनीष जायसवाल-** मां अष्टभुजी के दरबार में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल अपने एक समर्थक बीजेपी कार्यकर्ता युवा अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित को भावुक देख हृदय द्रवीभूत हो उठे। इंद्र पंडित की भावना और उनके खुशी के आंसू को छलकते देख मनीष जायसवाल भी भावुक हो उठे और माता रानी के दरबार में खुशी से फफकते-शिसकते इंद्र कुमार पंडित को गले से लगा लिया और फिर चुप कराकर अपने साथ पूजा में शामिल कराया।

**केरेडारी के आधा दर्जन गांवों में किया जनसंपर्क, कांग्रेस छोड़ 5 जनों ने थामा भाजपा का दामन-** हजारीबाग के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के चौक- चौराहे में पहुंचकर अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कंडाबेर, पतरा खूर्द, गरीकला, केरेडारी बेल चौक, केरेडारी चौक, भदईखाफ-लयसुकुवार चौक में जनसंपर्क किया। सभी जगहों पर गाजे- बाजे और ढोल- ताशे के साथ गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। लोगों ने आश्वस्त भी किया की आपकी जीत पक्की है। यहां कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने वालों में महेंद्र साव, निखिल कुमार, महावीर साव, रामचंद्र कुमार, अशोक विश्वकर्मा का नाम शामिल है। इन सभी का भाजपा परिवार में मनीष जायसवाल और हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया।

**कोयांचल के पिपरवार और बचारा क्षेत्र में पारंपरिक तरीके से मनीष जायसवाल का हुआ स्वागत, बीएमएस कार्यकर्ताओं की बैठक को किया संबोधित-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चतरा जिले के टंडवा प्रखंड स्थित पीपरवार भाजपा मंडल के अधीनस्थ क्षेत्र बहेरा पंचायत के ग्राम कारो, बकचा दक्षिणी पंचायत के बचरा और किचटो में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया और कई कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने सबसे पहले कारो शिवालय और बचरा स्थित बाबा सिद्धेश्वर धाम में पूजा- अर्चना किया। बचरा में अधिष्ठापित भारत के एकता और अखंडता के प्रतीक लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर और इस क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी रहे शाहिद कृष्णा महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।बचरा के 4 नंबर चौक के समीप स्थित भारतीय मजदूर संघ के पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ के कार्यालय में मां भारती, सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा और भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक स्व.दत्तोपंत ठेंगड़ी के तस्वीर पर पुष्पार्पण कर नमन किया और यहां बीएमएस से जुड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित किया। सभी बीएमएस कार्यकर्ताओं ने जीत के लिए आश्वस्त किया और अपने स्तर से भी चुनाव प्रचार में ताकत झोंकने का भरोसा जताया। सनातनी आस्था का केंद्र बचरा काली मंदिर प्रांगण पहुंचकर यहां काली मंदिर और गुरुद्वारा में माथा टेका। मनीष जायसवाल ने इस परिसर की खूबसूरती को देखा बताया की इसी परिसर में आकर हमें मनुष्यता की सीख भी मिलती है। यहां ÷सर्वधर्म सम्भाव÷ भी बखूबी दिखता है। एक ही जगह पर आसपास में यहां मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद और गिरजाघर भी है। तत्पश्चात पिपरवार क्षेत्र के ग्राम किचटो में युवाओं, महिलाओं के साथ वृद्ध और दिव्यांग जनों का भी उन्हें साथ मिला। कोयलांचल के पिपरवार क्षेत्र में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के द्वारा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का पारंपरिक तरीके से अभूतपूर्व स्वागत हुआ।

**बड़कागांव और सदर प्रखंड दर्जनों जगहों पर मनीष जायसवाल का हुआ शानदार स्वागत, सांसद प्रत्याशी बनाए जाने पर लोगों ने जताई खुशी, कहा होगी प्रचंड जीत-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल करणपुरा और कोयलांचल क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाने के बाद लौटने के क्रम में बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान बड़कागांव और सदर विधानसभा क्षेत्र में जगह- जगह उनका भव्य स्वागत हुआ। लोगों ने मनीष जायसवाल को गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर और अंग- वस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया। मनीष जायसवाल ने भी हाथ जोड़कर और गले मिलकर लोगों का अभिभावादन किया। मनीष जायसवाल ने बड़कागांव चौक, बारवाडीह में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और यहां बड़कागांव पंचायत भवन सभागार में स्थानीय मंडलों के भाजपा कार्यकताओं के विशेष बैठक को भी संबोधित किया। सदर विधानसभा क्षेत्र के खपरियावां, फतहा में विस्थापित हाइवा ऑनर संघ और ग्राम वासियों द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।

**हजारीबाग का बेटा हूं, कर्णपुरा से जुड़ा हूं, विस्थापन के दर्द को जानता हूं, सांसद बना तो जनता के हक में उठाऊंगा आवाज़- मनीष जायसवाल-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग का बेटा हूं, बड़कागांव की माटी से हमारे पुरखों का नाता है, कर्णपुरा और कोईलांचल क्षेत्र के विस्थापितों के दर्द को महसूस करता हूं। आगे उन्होंने कहा की अगर आप सबों का आशीर्वाद मिला और सांसद बना तो निश्चित रूप से जनहित से जुड़े मामलों को पुरजोर तरीके से उठाऊंगा। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की हिंदुस्तान की सुरक्षा और भारतीय संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाना है और बीजेपी के लोकसभा चुनाव का नारा अबकी बार 400 पर करते हुए हजारीबाग में भी नया इतिहास रचना है।

**मौके पर विशेषरूप से ये गणमान्य लोग रहें मौजूद-** बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, अनिल मिश्रा, जयनारायण प्रसाद, के.पी.ओझा, सुमन कुमार, टोनी जैन, अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, आशीष सोनी, दामोदर सिंह, सत्येंद्र सिंह, बालेश्वर कुमार, मूलचंद साव,केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, प्रीतम साव, राजू साव, उपेंद्र सिंह, अमित गुप्ता, जुगनू सिंह, बालगोविंद सोनी, बद्रीनारायण सिंह, शेर सिंह, बैजनाथ साव, कृष्णा राम, बेचन साव, कैलाश साव, मुखिया पारसनाथ प्रसाद, विजय यादव, रामचंद्र कुशवाहा, शिबू मेहता, कैलाश साव, रामपति राम, राजेश श्रीवास्तव, राजेश यादव, मनीष पांडेय, इद्रभूषण, प्रदीप सिंह, खेमलाल महतो, विजय साव, सुमन गिरी, तुलसी कुशवाहा, राजीव मिश्रा, धीरेंद्र कुमार शर्मा, संजय पासवान, अजय कुमार सिंह, संजय ठाकुर, राधा देवी, रीना देवी, मुकेश कुमार, दिलीप अम्बष्ठ, महेश केवट, राजेंद्र चंद्रवंशी, रामप्रसाद महतो, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विजया एकादशी पर संकीर्तन व निशान पूजन

**विशेष संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन माह की विजया एकादशी के अवसर पर 6 मार्च (बुधवार) को रात्रि 9:30 बजे से विशेष एकादशी कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्य मनोहारी आलौकिक विशेष श्रृंगार किया गया। कोलकाता बेंगलुरु एवं बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से मंगाए गए पीला गुलाब लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसी दल स्टार लाल गेंदा पीला गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया।राजीव रंजन मित्तल, कविता मित्तल ने श्री गणेश पूजन करके खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर घी गिरिगोला प्रसाद फल पंचमेवा मगही पान का भोग लगाकर अखंड ज्योति में आहुति देकर खाटूधाम जाने वाले श्याम प्रेमियों की मनोकामना पूर्ण हो ऐसी अरदश लगा बाबा के दरबार में मथा टेका। संगीतमय भजन संकीर्तन के बीच खाटूधाम जाने वाले पवित्र निशानों का पूजन स्थापना तथा जागृत करने का पवित्र धार्मिक अनुष्ठान भक्तिमय वातावरण में प्रारंभ हुआ। रात्रि 9:30 बजे से एकादशी का विशेष भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलते रहा। मंडल के श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल सोनू, साकेत ढानढनिया, अनुज मोदी, गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तों को अपने भजनों से झुमाया। रविशंकर अग्रवाल के परिजनों द्वारा मंदिर में निर्मित बुनदिया की सवामनी एवं केसरिया पेडा का प्रसाद भोग अर्पित किया गया। खाटू नरेश को रबड़ी विभिन्न फलों पंचमेवा केसरिया दूध नारियल व मगही पान का भोग भी अर्पित किया गया। एकादशी संकीर्तन में लगातार प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी , महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, रौनक पोद्दार, अभिषेक सरावगी, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, कृष्ण शर्मा, निखिल नारनौली उपस्थित थे।श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि सभी पूजित जागृत निशानों को श्री खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर में भक्तों द्वारा चढ़ाया जाएगा। सभी श्याम निशानों को रिंग्स में पुनः जागृत एवं विधि विधान से पूजन कर अखंड ज्योत प्रज्वलित कर पूजित किया जाएगा। इसके बाद श्री श्याम मित्र मंडल का दल भक्तिमय वातवरण में झूमते हुए रिंगस से 17 किलोमीटर की अनुपम पदयात्रा कर बाबा श्याम को खाटू स्थित खाटू श्याम मंदिर में ध्वज अर्पित करेंगे।

**निशान ध्वज यात्रा पर अटूट आस्था-** फाल्गुन माह में 10 लाख से ज्यादा निशान खाटू के श्री श्याम मंदिर में चढ़ाए जाते हैं। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि निशान चढ़ाने वाले भक्तजन अपने पवित्र आस्था विश्वास के साथ अपनी मनोकामना पूजित निशानों को सुनाते हैं और अपना दर्द बताते हैं। जब पवित्र निशान खाटू नरेश को अर्पित किए जाते हैं तो यही पूजित पवित्र निशान भक्तों की बातें खाटूनरेश को सुनाते हैं। खाटू नरेश भक्तों की मनोकामनाओं की बातें अपने शीश पर धारण कर भक्तों की मनोकामना पूरा करते हैं। पवित्र शुद्ध मन से निशान चढ़ाने वाले भक्तों का कल्याण हो जाता है। महामंत्री नारसरिया ने आगे बताया कि जो लोग किसी कारण से खाटू नहीं जा पाते हैं वह अपने-अपने क्षेत्र के मंदिर में निशान चढ़ाते हैं। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 18 मार्च को निशान शोभा यात्रा के द्वारा निशांन चढ़ेंगे जिसकी यात्रा मारवाड़ी भवन हरमू रोड से प्रारंभ होगी। कार्ड हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है।

# एचआईवी पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय



**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** हज़ारीबाग़ जिला नेटवर्क फोर पिपुल लिविंग विथ एचआईवी एड्स संस्था की ओर से एनटीपीसी, पकरी बरवाडीह और उपायुक्त हजारीबाग के सहयोग से बिष्णुगढ़ के बनासो बाजार में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। हजारीबाग जिला नेटवर्क संस्था के सचिव ने संकल्प लिया गया कि पूरे झारखण्ड से एचआईवी एड्स को खत्म करना है। इसकी शुरुआत हजारीबाग से की है। संस्था के माध्यम से हजारीबाग जिला में लगभग 8500 एचआईवी संक्रमित वक्तियों को सेवा प्रदान कर रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से गांव-गांव में सभी लोग एचआईवी से बचने की जानकारी दे रहे हैं। कोई भी व्यक्ति लाइलाज बीमारी का शिकार ना हो सके। जानकारी के अभाव के कारण विष्णुगढ़ में इसकी संख्या लगभग 1200 के पास पहुंच गयी है। क्योंकि बिष्णुगढ़ गांव के लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए बाहर काम करने के लिए जाते हैं और जाने अनजाने में इस बीमारी का शिकार हो जा रहे है ढ्ढ कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सचिव बहादुर यादव, अध्यक्ष रामजीत यादव, उपाध्यक्ष सरयू यादव बसंत कुमार और अंकित राज शामिल थे।

# राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय दो सदस्यी दल बीएसएफ मेरु कैंप दौरा



**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के संकाय से दो सदस्यी दल, डॉ0 पूर्णिमा जोशी और श्री रघुनाथन द्वारा प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय मेरु कैंप हजारीबाग का दो दिवसीय दौरा किया गया। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (ऋक्र) की स्थापना पुलिस, अपराधिक न्याय तथा सुधार प्रशासन के विभिन्न स्कंधों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षित कार्यबल की आवश्यकता को पूर्ण की गई ।पुलिस विज्ञान एवं प्रबंधन,अपराधिक कानून तथा न्याय, साइबर मनोविज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा,अपराध जांच, सामरिक भाषाएं, आंतरिक रक्षा एवं रणनीतियाँ, शारीरिक शिक्षा तथा खेल आदि में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, पुलिसिंग एवं आंतरिक सुरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में डिप्लोमा से डॉक्टरेट स्तर तक शैक्षणिक कार्यक्रम किया गया।

# बीएसएनएल की समस्या पर जीएम संग एफजेसीसीआई के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता आयोजित

- शिकायतों के निपटारे के लिए चैंबर भवन में कैंप के आयोजन का निर्णय

**विशेष संवाददाता**



**रांची।** वर्षों पूर्व बंद किये गये टेलिफोन कनेक्शन के बकाया विपत्रों के भुगतान हेतु भेजी जा रही नोटिसों से उपभोक्ताओं के बीच बढ़ती समस्या को देखते हुए चैंबर भवन में बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद के साथ बैठक कर, नोटिसों को शिथिल करने की मांग की गई। कहा गया कि वर्षों पूर्व किये गये भुगतान की रसीद या अन्य प्रति संभालकर सुरक्षित रखना किसी भी उपभोक्ता के लिए संभव नहीं है। बैठक के दौरान ऐसी भी नोटिसें दिखाई गई, जिनके नाम से कभी टेलिफोन नंबर लिया ही नहीं गया है।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के आग्रह पर यह सहमति बनाई गई कि 14 मार्च को बीएसएनएल द्वारा चैंबर भवन में एक कैंप का आयोजन कर, ऐसे सभी मामलों का निपटारा किया जायेगा। कैंप में ही उपभोक्ताओं को रिवाइव बिल इशू कर, यहीं पर भुगतान करने की भी सुविधा दी जायेगी। ऐसे उपभोक्ता जिन्हें रिफंड लेना हो अथवा बंद पड़े टेलिफोन को चालू कराना हो वे भी भुगतान रसीद की प्रति के साथ जीएम के नाम से आवेदन कर सकते हैं। कैंप में उपभोक्ता अपने बीएसएनएल के सिम को फोर जी में भी अपग्रेड करा सकते हैं।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और टेलिकम्यूनिकेशन उप समिति चेयरमेन अनिस सिंह ने संयुक्त रूप से सभी उपभोक्ताओं से बिल संबंधित समस्या की जानकारी 13 मार्च तक चैंबर को प्रेषित करने की अपील की। यह कहा कि सभी शिकायतों को चैंबर भवन में लगनेवाले कैंप में एक साथ निपटारे का प्रयास किया जायेगा। बैठक में चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रंजीत टिबडेवाल, पवन शर्मा, सदस्य आनंद जालान, किशन अग्रवाल और बीएसएनएल के अधिकारी उपस्थित थे।

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने किया बड़कागांव का दौरा



**प्रतिनिधि,बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जयसवाल बुधवार को बड़कागांव-केरेडारी प्रखंड का दौरा किया। सर्वप्रथम बरवाडीह में बाजे गाजे के साथ मनीष जयसवाल को स्वागत किया गया। उसके बाद श्री जयसवाल माता स्थान कंडाबेर में माता के चरनो में माथा टेका तथा विधिवत पूजा करने के बाद विभिन्न जगहों में दौरा किया तथा कार्यकर्ताओं से मिला। वहीं संध्या को बड़कागांव भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा सूर्य मंदिर स्वागत किया तथा बाजे गाजे के साथ बड़कागांव डेली मार्केट होते हुए बड़कागांव मैन चौक होते काली मंदिर में माता टेका तथा डॉ भीमराव अम्बेडकर आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।काली मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के बाद बड़कागांव मीडिया को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के बड़कागांव दौरा होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उमंग और चेहरे में खुशी देखा जा रहा था। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा,जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर महतो,सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, रामपति राम,किसान मोर्चा रामगढ़ जिला प्रभारी राजू साव, किसान मोर्चा जिला महामंत्री बैजनाथ साव,पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सरोज सोनी,महामंत्री सुमन गिरी, इंद्रभूषण, नरसिंह प्रसाद, अरूण मालाकार, शिवशंकर मेहत उर्फ शिबू,, नंदकिशोर महतो,टुकेश्वर प्रसाद, अनुज कुमार यादव सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों के खाते में भेजी गयी पहली किस्त

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविका व सहायिका को मिला प्रशस्ति पत्र

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह में आज पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय शहर चाईबासा स्थित पिल्लई हॉल के सभागार में जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, पीडी आईटीडीए स्मृति कुमारी, अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग खुशेन्द्र सोनकेसरी सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि आज के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण के माध्यम से हम सभी ने राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के अभिभाषण को सुना। हम सभी ये जानते है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए जिला, प्रखंड, पंचायत, ग्राम के स्तर पर कार्य किया जाता है। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर देखा जाए तो जिले में 217 ग्राम पंचायत में 2330 आंगनबाड़ी केंद्र है। जिसमें कहीं अधिक प्रभावशाली तरीके से आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम योजनाओं को क्रियानिमित्त करने का कार्य किया जाता है।

जिला उपायुक्त ने बताया कि जिला समाज कल्याण विभाग ऐसा विभाग है, जिसमें एक बच्चों का जन्म से पूर्व गर्भधारण के समय से बच्चों के जन्म के उपरांत तक उसे कुपोषण मुक्त रखने के साथ-साथ शारीरिक रूप से मजबूत करने के परिकल्पना के साथ आगे बढ़ते हुए विभिन्न योजनाओं के साथ कार्य करता है। विभाग के योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए मुख्य रूप से आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका अपना अहम योगदान निभाती हैं। उपायुक्त ने कहा कि आज डीएमएफटी की बैठक में चर्चा किया गया कि जिले के जितने भी आंगनबाड़ी केंद्र जिनका अपना भवन नहीं है या किसी किराए के मकान पर आंगनबाड़ी संचालित किया जा रहा है, उनका भवन निर्माण का कार्य किया जाएगा साथ ही साथ आधारभूत संरचना में कार्य करते हुए एएनसी ट्रीटमेंट किट और वाइट मेजरमेंट किट सहित अन्य आधुनिक उपकरण भी मुहैया कराए जाएंगे। इसके साथ ही जिले में संचालित कुपोषण उपचार केंद्र में भी आधारभूत सुविधा और बेहतर करने हेतु भी आज के बैठक मे चर्चा किया गया है।

जिले में वर्तमान स्थिति में पोषण पखवाड़ा का संचालन किया जा रहा है जिसमें सभी के द्वारा बढ़-चढ़कर कार्य किया गया है। इस कार्य को आंकलन करने के लिए रिपोर्ट के माध्यम से, पोर्टल के माध्यम से डेशबोर्ड के माध्यम से पोषण ऐप पर एंट्री किया जाना है। उनके द्वारा सभी कर्मियों से अनुरोध किया गया कि इस कार्य को प्राथमिकता से करेंगे। इसी क्रम में दूसरा महत्वपूर्ण कार्य है, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत जो भी बच्चिया योजना से अभी तक लाभान्वित नहीं हुई है, उनको लाभान्वित करने का कार्य किया जाएगा।

आज राज्य स्तर से पश्चिम सिंहभूम जिले के 32 आंगनबाड़ी सेविकाओं को 5000 रू एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओ को 2500 रु प्रोत्साहन राशि तथा जिला स्तर से 2283 आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रेकर एप में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए कुल 6106000 रू का भुगतान किया गया हैं। 32 आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं 32 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशक्ति पत्र एक आंगनबाड़ी सेविका एक आंगनवाड़ी सहायिका को चयन पत्र दो दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल का वितरण एवं पांच गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 05 छह माह के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

# कोवाली को अलग प्रखंड बनाने की मांग

## पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने राज्यपाल को सौंपा मांग पत्र



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** बंगला भाषा और अलग कोवाली प्रखंड की मांग लेकर पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से राजभवन रांची में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अलग-अलग मांग पत्र सौंपा। उक्ताशय की जानकारी बुधवार को हाता में प्रेसवार्ता कर शंकर चंद्र गोप व पंसस रामेश्वर पात्र ने दी। मौके पर उन्होंने कहा कि बेसरा ने रायपाल से कहा कि राज्य में वर्ष 2003 से ही 12 भाषा संताली, मुंडारी, हो, कुड़ुख, खड़िया, नागपुरी, कुरमाली, पंच परगनिया, बंगला, उड़िया, खोरठा व उर्दू को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिया गया था, लेकिन 21 वर्ष बाद भी इसे लागू नहीं किया जा सका। सभी राज्य सरकारों द्वारा इसकी अनदेखी किया गया है।

अनुच्छेद 167 के आधार पर राज्यपाल का कर्तव्य है कि ऐसे मामलों में राज्य सरकार को निर्देश दे। उन्होंने पोटका जैसे 34 पंचायतों के बड़े प्रखंड को विभाजित कर अलग कोवाली प्रखंड बनाने की मांग से संबंधित मांगपत्र भी सौंपा। बड़ा प्रखंड होने के कारण ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय आने जाने में परेशानी होती है। इन 15 पंचायतों में क्रमशः हल्दीपोखर पूर्वी व पश्चिमी, गंगाडीह, हेंसड़ा, रसूनचोपा, पोड़ाडीहा, कोवाली, टांगराईन, चाकड़ी, जानमडीह, तेंतलापोड़ा, जामदा, हेंसल आमदा, हरिणा व नारदा को अलग कर नया कोवाली प्रखंड बनाया जाय। राज्यपाल ने सूर्य सिंह बेसरा को आश्वस्त किया कि जल्द ही यह मांग लागू करने राज्य सरकार को निदेशित किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में सुनील डे, उज्ज्वल मंडल, शंकर मुंडा, पंसस रामेश्वर पात्र,मंगल पान,पओल्टू मंडल, शिवचरण सरदार, कृष्णा मंडल उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के पहल पर निकहत का आंखों का होगा रिम्स में ईलाज

**पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर।** वार्ड संख्या 6 इमामबाड़ा रोड की रहने वाली निकहत परवीन की एक आंख पुरी तरीके से खराब हो गयी है, परिवार वालों ने अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के सचिव बैरम खान से मदद की गुहार लगाई। बैरम खान द्वारा पहले अनुमंडल अस्पताल भेजा।



अनुमंडल अस्पताल से चाईबासा सदर रेफर किया गया। चाईबासा सदर अस्पताल में जांच उपरांत बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची जाने को कहा गया, जिसके बाद परिजन पुनः सचिव बैरम खान से मिले। बैरम खान ने इस विषय पर झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुहार लगाई साथ ही कोडरमा के सामाजिक कार्यकर्ता आकिब अंसारी व धनबाद के सामाजिक कार्यकर्ता अफ़ज़ल ख़ान से इस पर मदद करने की गुजारिश की। आकिब अंसारी की ट्विट पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने उपायुक्त चाईबासा को निकहत परवीन के मामले पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। जिस पर उपायुक्त कार्यालय ने तत्काल सिविल सर्जन चाईबासा व अनुमंडल अस्पताल प्रभारी को निर्देश दिया है, निकहत परवीन के बेहतर इलाज के लिए। सचिव बैरम खान ने कहा है कि निकहत के मामले में माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान पर उम्मीद है रिम्स रांची में बेहतर इलाज मिलेगा। परिवार से बातचीत हुआ है जल्द ही अनुमंडल अस्पताल प्रभारी को सुचित कर दिया जाएगा। अंजुमन इस्लामिया चकधरपुर ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आभार व्यक्त करता है।

# अब मुक्तिधाम में शव वाहन, शव संरक्षण यंत्र एवं जनरेटर कक्ष की मिलेगी सुविधाएं

**पूसू प्रतिनिधि,चाईबासा।** स्व. महावीर प्रसाद चौबे, स्व. महेश चौबे एवं स्व. अक्षय चौबे की स्मृति में राजेश चौबे एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा मुक्तिधाम में शव वाहन कक्ष शव संरक्षण मशीन एवं जनरेटर कक्ष का निर्माण करवा कर मित्र परिषद के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल को कक्ष की चाबी सौंपी। इस अवसर पर मित्र परिषद के सचिव नितिन प्रकाश द्वारा धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि मुक्तिधाम में शव वाहन एवं शव संरक्षण यंत्र की नितांत आवश्यकता थी जिसे चौबे परिवार में पूर्ण किया है इसका लाभ शहर वासियों को जरूर प्राप्त होगा। उन्होंने हिंदू जागरण मंच को शव संरक्षण मशीन मुक्ति धाम में उपलब्ध करवाने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया समाजसेवी आनंद सिंह ने शव वाहन सुसज्जित कर मुक्ति धाम को समर्पित करने की पेशकश की है उनके इस कार्य हेतु मित्र परिषद की ओर से धनबाद प्रेषित किया गया मारवाड़ी युवा मंच द्वारा लकड़ी गोदाम से शव दाह स्थल तक लकड़ी पहुंचने के लिए एक वाहन देने की पेशकश की है इस कार्य हेतु वे भी धन्यवाद के पात्र हैं नितिन प्रकाश द्वारा उक्त अवसर पर यह भी घोषणा की गई की आने वाले समय में मुक्ति धाम को और भी सुसज्जित कर सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी साथ ही साथ सफाई का भी विशेष ख्याल रखा जाएगा एवं नगर परिषद के पदाधिकारी से मिलकर शमशान क्षेत्र में फैले कचरा एवं प्रदूषण को अविलंब हटवाया जाएगा। इस अवसर पर मित्र परिषद के उपाध्यक्ष सिद्ध गोपाल गोयल राजेश चौबे, रमेश खिरवाल मधुसूदन अग्रवाल, बाबूलाल विजयवर्गीय, महेश गोयल, पंकज चिरानिया, सुनील रूंगटा, गोविंद खेतान, दिलीप शर्मा, बलराम सुल्तानिया, हर्ष सुल्तानिया, मुकेश मित्तल, प्रियांशु केडिया, नीतू पसारी, सुशील चौहान, विनोद शर्मा, विनोद दाहिमा, सुप्रियो फौजदार, दिवाकर बनर्जी, गुरपेच सिंह भाटिया, दिलीप अग्रवाल, सुशील पंसारी, ईशान चौबे, रमेश चौबे, निशांत चौबे, जितेंद्र चौबे संजय जांगिड, नरेश सुल्तानिया, पिंटू अग्रवाल, सोनू शर्मा, इंद्र पंसारी, नीरज संधवार, पुरुषोत्तम शर्मा, मुकेश मोदी एवं बड़ी संख्या में शहर वासी उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### सदर सीओ ने दिया मानवता का परिचय

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** लोग कहते हैं की मान्यता खत्म हो गई है परंतु मानवता अभी भी जिंदा है। चाईबासा सदर के अंचल अधिकारी बुड़ॉय सारू जब अपने कार्यालय में ड्यूटी पर थे तब एक असहाय निर्धन महिला को कार्यालय में देख तुरंत उनके पास चले गये और हाल-चाल पूछा उनकी समस्या सुनकर दरिया दिल दिखायी उनकी आवश्यकता को देखते हुए त्वरित संज्ञान लेते हुए अपनी तरफ से वृद्ध महिला को राशन सामग्री और 6500 रूपए सहयोग के तौर पर प्रदान की. इतना ही नहीं उन्हें अपने वाहन से वृद्ध महिला को उनके घर तक पहुंचाया सोओ ने उन्हें हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया।



### शिविर लगाकर जनता की समस्याओं से अगवत हुए कांग्रेसी



**पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड में हेल्फ डेस्क शिविर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सुत्री सदस्य विजय सिंह सामाड के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड उपाध्यक्ष सह होयोहातु पंचायत प्रभारी आर्यन हासदा, मंडल अध्यक्ष सह पदमपुर पंचायत प्रभारी पोण्डे राम सामाड, नगर अध्यक्ष रमेश ठाकुर,शरण मंडल, बूथ अध्यक्ष दांसर सामाड आदि ने शिविर में उपस्थित हो कर सबसे पहले जनता का समस्याओं से अवगत हुए। जैसा ऑफलाईन लगान रसीद को ऑनलाईन का समस्या,जन्म प्रमाण पत्र समस्या पी एम किसान निधि बंद होने की समस्या एवं बंद पेंशन की समस्या आदि आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को सौंपा और समय सीमा पर समस्याओं का निवारण करने का मांग किया।

### सड़क मरम्मती कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया वन विभाग कार्यालय के पास बुधवार को विधायक समीर महंती ने चाकुलिया माटिहाना मुख्य सड़क मरम्मती कार्य का नारियल फोड़कर कर शिलान्यास किया। उक्त सड़क मरम्मती कार्य 40 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस मौके पर विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि चाकुलिया माटिहाना मुख्य काफी जर्जर हो गया था । जिससे आने जाने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क मरम्मत हो जाने से आने जाने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों को सहुलियत होगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख धनंजय करुणामय, गोपन परिहारी, साहेब राम मांडी, राकेश मोहंती, अभिराम पटनायक, घनश्याम महतो, विशाल बारीक, मिथुन कर समेत कई ग्रामीण मौजूद थे ।

### स्नान घाट निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**पूसू प्रतिनिधि, बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया पंचायत के पांकलो गांव के तलाव में बुधवार को स्नान घाट निर्माण कार्य का प्रखंड प्रमुख सुषमा मुर्मू ने शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि तालाब में स्नान घाट निर्माण कराने की मांग ग्रामीण काफी दिनों से करते आ रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर ही गांव के तालाब स्नान घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर मुखिया राम मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य शुभ्रा महापात्र, उप मुखिया भवानी रानी, भोल ग्राम प्रधान लेपा मुर्मू, जयदेव दास, दिपक सोरेन, विश्वजीत राना समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।



## बहरागोड़ा प्रखंड में विधायक समीर महंती ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

**पूसू प्रतिनिधि, बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के डोमजुड़ी, बहुलिया एवं सांडरा पंचायत में बुधवार को विधायक समीर महंती ने तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने प्रखंड क्षेत्र डोमजुड़ी पंचायत के हरीहरपुर मे उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण, बहुलिया पंचायत बहुलिया गांव के पंचायत भवन से मुख्य सड़क तक पीसीसी सड़क निर्माण एवं सांडरा पंचायत के सांडरा गांव के माँ क़ाली मंदीर से हरि मंदीर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं । इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि तीनों योजनाओं को ग्रामीणों गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग करे ।ग्रामीणों के मांग पर ही तीनों योजनाओं का निर्माण कराने के लिए शिलान्यास किया गया है। मौके पर रासबिहारी साव, सुमित माईती, पप्पू राउत,जादुपति राणा, बिशुओझा,मुन्ना होता,सुजीत दास, सुकुमार बेरा, मिहिर बड़ी,सुबोध मन्ना, कुना पात्र, अमित कुईला, सुभाष दलाई, बबलू दास, दीपक देहरी, स्वपन सिंह, गणेश मुंडा, नरेश मंडल, जितेंद्र ओझा, पिंटू दत्त, लालमोहन मुर्मू,अनिल साव,जूना सोम,शंकर मुर्मू,मानस महंती समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।



## धोबी समाज ने मंत्री दीपक बिरुआ से की मुलाकात

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार रजक के नेतृत्व में धोबी समाज के सदस्यों ने परिवहन एवं कल्याण मंत्री दीपक बिरूवा से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया साथ ही धोबी समाज के लिए बड़ी बाजार स्थित धोबी तालाब के बगल में सरकारी जमीन पर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा। वर्षों से धोबी समाज जिले के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ-साथ एमपी, एमएलए, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, कोल्हान आयुक्त के अलावे विभिन्न नेताओं को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा गया परंतु दुर्भाग्य से आज तक सामुदायिक भवन का निर्माण हेतु किसी ने पहल नहीं की। मंत्री दीपक बिरूवा ने समाज के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि जल्द कदम उठाया जायेगा।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने लगाया पंचायत सेवक पर लापरवाही का आरोप, की शिकायत

**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** प्रखंड क्षेत्र के सोनाहातू पंचायत के पंचायत सेवक पल्लव कुमार भगत पर जिप सदस्या धरित्री महतो, मुखिया मोहन सोरेन और पंचायत के गांवों के ग्राम प्रधानों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाते बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी आरती मुंडा को आवेदन सौंपा। साथ ही पंचायत सेवक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं स्थानांतरण करने की भी मांग की है। बीडीओ ने पंचायत सेवक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की अनुशंसा की है।




बीडीओ को सौंप गए आवेदन में लिखा गया है कि पंचायत सेवक की लापरवाही से पंचायत में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। पिछले अगस्त महीना में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन हुआ था। पंचायत में आयोजित शिविर में 350 आवेदन प्राप्त हुए थे। लेकिन अभी तक केवल 84 आवेदनों का ही निष्पादन हो सका है। पेंशनों के लिए प्राप्त आवेदनों का भी निष्पादन नहीं किया गया है। पंचायत का विकास पंचायत सेवक के कारण ठप गया है। पंचायत सचिव के ढुलमुल रवैया और ग्रामीणों के साथ किया जा रहे दुर्व्यवहार से पंचायत की जनता त्रस्त है। इसलिए उक्त पंचायत सचिव पर कार्रवाई करते हुए स्थानांतरण किया जाए और किसी दूसरे पंचायत सचिव का पदस्थापन किया जाए। बीडीओ को आवेदन सौंपने वालों में क्ष जिला परिषद सदस्या धरित्री महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य जगन्नाथ महतो, मुखिया मोहन सोरेन समेत विभिन्न गांवों के प्रधान और मांझी बाबा शामिल थे।

# चुनाव हारने के डर से इलेट्रोरल बॉन्ड की जानकारी छुपा रही है बीजेपी - प्रीतम

## एसबीआई ने जानकारी सार्वजनिक करने के लिए 30 जून तक का मांगा है समय

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** शहीद पार्क चौक में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभीजित राज के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने एसबीआई द्वारा इलेक्ट्रोरल बॉन्ड के रूप में प्राप्त चंदा को सार्वजनिक नहीं करने के विरोध में बीजेपी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के विरुद्ध जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह आदेश दिया गया था 6 मार्च तक एसबीआई में इलेक्ट्रोरल बॉन्ड द्वारा सभी राजनीतिक दलों को जो चंदा मिला है वह आम जनता को बताया जाए कि किसके द्वारा किस राजनीतिक दल को कितना चंदा दिया गया।



सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से भारतीय जनता पार्टी में खलबली मच गयी क्योंकि बीजेपी इलेक्ट्रोरल बॉन्ड के रूप में चंदा प्राप्त करने वाली सबसे बड़ी लाभार्थी पार्टी है। इसके बाद बीजेपी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पर राजनीतिक दबाव बनाया और स्टेट बैंक द्वारा 6 मार्च से ठीक एक दिन पहले 5 मार्च को आवेदन देकर सुप्रीम कोर्ट में इलेक्ट्रोरल बॉन्ड के रूप में प्राप्त चंदे का जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 30 जून तक का समय मांगा गया। श्री बांकिरा ने कहा कि बीजेपी सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से इतना ज्यादा डर गयी है और वह यह मान चुकी थी कि एसबीआई द्वारा चंदा की जानकारी सार्वजनिक करने से आम जनता का आक्रोश उसके आगामी कुछ दिनों में होनेवाले लोकसभा चुनाव सत्ता से उखाड़ फेंकेगा इसलिए चुनाव हारने के डर से बीजेपी ने दबाव बनाकर एसबीआई को अपना ढाल बनाया और बड़े चालाकी से लोकसभा चुनाव के बाद इलेक्ट्रोरल बॉन्ड से प्राप्त चंदा की जानकारी सार्वजनिक करने का आवेदन एसबीआई के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में करवाया। जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि आज भारत की जनता भी जान चुकी है कि बीजेपी ने देश के सभी महत्वपूर्ण सरकारी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है और वह अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी ठेंगा दिखा रही है। बीजेपी के इस कृत्य के खिलाफ कांग्रेस पार्टी जोरदार लड़ाई लड़ेगी और भारतीय जनता पार्टी के कृत्यों को आम जनता तक लेकर जाएगी और उसे सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमन महतो,चाईबासा नगर अध्यक्ष राहुल दास, कांग्रेस चाईबासा नगर अध्यक्ष अजय कुमार,सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, सागर दास,बोरजो देवगम,रूपेश रज्जक, मो. सलीम सहित अन्य मौजूद थे।

## ग्रामीणों व सिपाहियों ने मिलकर किया महिलाओं से दुर्व्यवहार

**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** गालूडीह थाना क्षेत्र के केसरपुर पुलिस पिकेट के 3 पुलिस कर्मियों के द्वारा गुडाझोर के ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार,सबर महिला को पांव से मारना,सबर लड़कियों को इशारा करना ,गाली गलौज करने को लेकर ग्रामीणों ने केसरपुर पिकेट के आगे बुधवार को धरना पर बैठ गए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। ग्रामीणों ने पिकेट के तीन सिपाही साधन पाल,पशुपति महातो और नारायण महातो पर आरोप लगाया कि उन्होंने मंगलवार की शाम को तीनों सिपाही नशे में धुत्त होकर ग्रामीणों सहित महिलाओं को मारपीट सहित महिलाओं के साथ अश्लील भाषा का प्रयोग किया और सबर लड़कियों को इशारे बाजी की। गुडाझोर की लक्ष्मी सबर ने पशुपति महातो पर लात मारने का आरोप भी लगाया। वहीं जापानी सबर ने अश्लील भाषा बोलने की बात कही एक सबर लड़की ने इशारे बाजी लगाने का भी आरोप लगाया।

# जामताड़ा कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत पूरी कमेटी भाजपा में शामिल

## जमशेदपुर परिसदन में भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को कराया पार्टी में शामिल

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** विभिन्न राजनीतिक दल, संगठनों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में, बुधवार को जामताड़ा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि मोहन मिश्रा के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, जिला महासचिव विमल कुमार भैया, महिला जिलाध्यक्ष बेबी पासवान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, असलम अंसारी, युवराज सिंह, मंडल अध्यक्ष विवेका रंजन सिंह समेत कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया। जमशेदपुर परिसदन में आयोजित एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम में भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी नवागंतुकों का पार्टी में स्वागत करते हुए राष्ट्रनिर्माण में आगे आकर भाजपा में जुड़ने के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा में शामिल होने से जामताड़ा ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। यह सभी दायित्वों में थे, जिनमें कोई जिला अध्यक्ष, कोई प्रखंड अध्यक्ष, कोई महिला मोर्चा अध्यक्ष हैं। जिनके पीछे



कई कार्यकर्ताएं हैं उन सभी कार्यकर्ताओं का योगदान भी जामताड़ा में सुनिश्चित किया जाएगा

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज झारखंड में जिनकी सरकार है उस पार्टी के लोग, पार्टी की नीतियों एवं कार्यसंस्कृति से क्षुब्ध होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। आज एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर कृतसंकल्पित हैं। तो वहीं, दूसरी ओर अन्य दलों की कोई विचारधारा नहीं है। उनका सिर्फ एक ही मकसद है कैसे अपने परिवार को बचाएं और अपने बच्चों की भविष्य को सुरक्षित करें और इसके लिए उनका सिर्फ एक लक्ष्य है मोदी को हटाओ। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि समाज की सेवा हेतु राजनीति के क्षेत्र में आगे आए हुए लोग आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पिछले दिनों चाईबासा में भी बड़ी संख्या में अन्य दलों के नेता एवं कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस की स्वार्थी गठबंधन सरकार की अकर्मण्यता और विकास विरोधी मानसिकता से कांग्रेस जनता के मन से उतरने लगी है। जनता से दूर जाने और झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार की लुटनीति से तंग होकर कांग्रेस पार्टी के नेतागण भाजपा का दामन थाम रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए विजयी लक्ष्य प्राप्ति में जुटने का आह्वान किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों और भाजपा के राष्ट्रवाद की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी से जनता के साथ उनके नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का मोह भंग हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह से देश में नीतियां बना रहे हैं, जिस तरीके से देश के गरीबों का कल्याण कर रहे हैं, जिस तरीके से देश को सुरक्षित और सशक्त बना रहे हैं। इन कार्यों को देखकर बहुत से विपक्षी दल के नेता पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों और कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

वहीं, जामताड़ा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरि मोहन मिश्रा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभूतपूर्व योगदान और देश के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं भाजपा की रीति-नीति से प्रेरित होकर वे भाजपा में शामिल हुए हैं।

राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ झारखंड राज्य को बचाने और भाजपा को मजबूत करने के उद्देश्य से उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय किया।

# 19719 लाभार्थियों के खाते में डीबीटी से भेजी गई 3.94 करोड़ की राशि

## उत्कृष्ट कार्य के लिए सेविका एवं सहायिका को दिया गया प्रशस्ति पत्र

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जिला स्तरीय सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजन बुधवार को साकची स्थित रवीन्द्र भवन में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जिले की नव चयनित 19719 पेंशनधारियों के बैंक खाते में फरवरी एवं मार्च महीने की पेंशन राशि 3 करोड़ 94 लाख 38 हजार रूपया डीबीटी के माध्यम से भेजी गई साथ ही सांकेतिक रूप से 5 पेंशनधारियों को मंच पर स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के 01 लाभुक, 03 दिव्यांगजनों श्रवण यंत्र एवं 3 को ट्राईसाइकिल, 2 को बैशाखी, 2 लोगों को ब्लाइंड स्टीक, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 03 लाभुक छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। साथ ही नवजात बच्चों को अन्न प्रासन्न एवं माताओं की गोदभराई



स्वरूप उपहार प्रदान किया किया गया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना के तहत पांच लाभुकों को 20-20 हजार रुपए का चेक का वितरण किया गया। मौके पर जमशेदपुर सदर प्रखंड की 2 सेविका और 2 सहायिका को चयन पत्र दिया गया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हे बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के हित में कई कल्याणकारी योजनायें संचालित कर रही है। सर्वजन पेंशन में परिवर्तन करते हुए अब 50 से 60 आयु वर्ष की सभी महिलाओं तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पुरूषों का लाभ दिया जा रहा। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्वि योजना हो या मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, छात्राओं, महिलाओं को सबल, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार प्रयासरत है।

कार्यक्रम में विधायक संजीव सरदार विशिष्ट, उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पी.डी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह, प्रखंड प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए।

# भाजमो के प्रदेश सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में बटी जिम्मेदारियां

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर भाजमो युवा मोर्चा की एक अहम बैठक जिलाध्यक्ष अमित शर्मा की अध्यक्षता में बारीडीह स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजमो के जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन उपस्थित हुए। बैठक में आगामी 10 मार्च को सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में आयोजित होने वाले पार्टी के प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने पर मंथन किया गया। जिसमें युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विचार विमर्श किया गया। तय हुआ की इस सम्मेलन में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर विशेष बल दिया जाएगा। युवा जिलाध्यक्ष अमित



शर्मा ने कहा की जिस तरह आम जनता उत्साह के साथ विधायक सरयू राय के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर जन हित में कार्य कर रही है। उसी प्रकार अंतिम कार्यकर्ता को भी कार्यकर्ता सम्मलेन से जोड़ने में समस्त पदाधिकारियों को अग्रसर रहना है।

### सुमित साहु होंगे नगर सज्जा प्रभारी

कार्यकर्ता सम्मलेन को लेकर युवा मोर्चा के मंत्री सुमित साहू को नगर सज्जा प्रभारी बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से विजय सिंह, दुर्गा राव, सुधीर सिंह, काशीनाथ प्रधान, नवीन कुमार, सुमित कुमार, दीपू ओझा , अनंत ठाकुर, अनिकेत सिंह,गोल्डन पांडेय, सुशील कुमार, दुर्गेश सिंह, जितेंदर प्रसाद, जितेंदर कुमार एवं विभिन्न मण्डल से आये कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिकेत सावरकार ने किया।

## बोड़ाम में बाइक रैली के साथ झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा

# मान-सम्मान बचाना है तो झामुमो का साथ दें : मंगल

**पूसू प्रतिनिधि, पटमदा।** झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के निर्देशानुसार बुधवार को बोड़ाम प्रखंड की पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्याय यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद व केंद्र सरकार मुर्दाबाद, जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा लगाते हुए चल रहे थे। कार्यकर्ताओं के जोश भरने के लिए विधायक मंगल कालिंदी रैली में शामिल होकर चिरुडीह मोड़ से बोड़ाम तक पहुंचे। बोड़ाम बाजार में कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा करते हुए विधायक ने शहीद निर्मल महतो के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए चलंत सभा को संबोधित किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि राज्य अलग होकर 23 साल हो गए। सबसे ज्यादा आजसू बीजेपी ने




सरकार चलाई। 2019 में हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनते ही बीजेपी सरकार को गिराने के लिए लगा रहे। इको सेंसेटिव जोन चिन्हित कर भाजपा सरकार ने लोगों को बेरोजगार करने का काम किया। हेमंत सोरेन ने साढ़े तीन कोरोड़ लोगों की मान सम्मान के लिए जेल जाना पसंद किया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गांव गांव में विकास का काम चल रहा था। उन्होंने शिक्षा के लिए बोड़ाम में डिग्री कॉलेज खोलने का काम किया है। भाजपा ने केंद्रीय एजेंसी का दुरूपयोग कर हेमंत सोरेन को षडयंत्र रचकर जेल भेजने का काम किया है। इस दौरान मुख्य रूप से झामुमो नेता महाबीर मुर्मू, चंद्रशेखर टुडू, स्वपन महतो, सुभाष कर्मकार, छुटुलाल हांसदा, हिमांशु महतो, गोपाल महतो, काजल सिंह, सिजेन हेम्ब्रम, रामू कुंभकार, बेबी महतो, मंटू महतो, सुनील महतो समेत पटमदा-बोड़ाम के झामुमो नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### एचईसी बचाने के लिए सीटू की रांची रैली 9 को

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** एचईसी लिमिटेड बचाओ की मांग को लेकर, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) द्वारा 4 से 9 मार्च तक राज्यव्यापी मनाया जा रहा है। 'एचईसी बचाओ संघर्ष एकजुटता सप्ताह' के तहत बुधवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर सीटू झारखंड राज्य महासचिव विश्वजीत देव ने बताया कि एशिया के सबसे बड़े भारी उद्योगों में से एक, देश और झारखंड का गौरव तथा भारत के प्रमुख बड़े एवं रणनीतिक औद्योगिक क्षेत्र, जैसे कोयला, स्टील, तांबा, अलमुनियम, एटॉमिक ऊर्जा, रक्षा और जल-विद्युत ऊर्जा, इसरो आदि में आपूर्तिकर्ता और स्थापना कार्य के साथ-साथ अंतरिक्ष अभियानों की सफलता में भागीदार हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रांची जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। जिसे स्वतंत्र भारत के औद्योगीकरण में अमूल्य योगदान के लिए मातृ उद्योग माना जाता है। केंद्र सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र विरोधी नीति के लिए आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

### झारखंड के अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के मानवाधिकार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज, राजनीति विज्ञान विभाग तथा नेशनल ह्यूमन राइट्स कमिशन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसका विषय था- 'झारखंड के अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के मानवाधिकार'। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हन विश्वविद्यालय चाईबासा के रजिस्टर डॉ राजेंद्र भारती तथा रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रो मोहम्मद अयूब (डीन ह्यूमैनिटीज तथा विश्वविद्यालय उर्दू विभागाध्यक्ष, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची) एवं मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. सोनाली सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर, स्नातकोत्तर विभाग, राजनीति विज्ञान, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय) तथा डॉ अभय सागर मिंज (असिस्टेंट प्रोफेसर एंथ्रोपोलॉजी विभाग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची) शामिल हुए।

### गीता कोड़ा की मां का निधन, नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की सास और सांसद गीता कोड़ा की मां कल्पना बीरूली के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व खादी बोर्ड के पूर्व सदस्य कुलवंत सिंह बंटी चाईबासा के मौटाबासा पहुंचे। जहां उन्होंने पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने के बाद उनकी अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए। गौरतलब है कि सांसद गीता कोड़ी की मां का निधन बुधवार सुबह 4 बजे रिम्स अस्पताल में हुआ। वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास चाईबासा के झींकपानी प्रखंड के माटागुटु लाया गया। जहां भाजपा के कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी शामिल हुए। वहीं वे अंतिम यात्रा में शामिल भी हुए. इस दौरान अंतिम यात्रा में कुलवंत सिंह बंटी के अलावा जिला अध्यक्ष संजू पांडे, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र नंदी, विपिन पूर्ती सतीश पूरी हो, महासभा के गब्बर सिंह हेम्ब्रम, भाजपा नेता बिपीन चंद्र लागुरी, प्रताप कटियार, त्रिशानु राय, जितेंद्र नाथ ओझा, सुमन गगराई भी शामिल रहे।

### सरयू राय ने 10.67 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने बुधवार को पथ निर्माण विभाग और 15वें वित्त आयोग की राशि से साकची और बिरसानगर में 10 करोड़ 67 लाख रु. की लागत से क्रियान्वित होने वाली दो योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में एक करोड़ चार लाख रुपए की लागत से 15वें वित्त आयोग की राशि से एमजीएम चैक से नया कोर्ट होते हुए भुईयांडीह श्मशान घाट तक एवं एमजीएम चैक से एपेक्स अस्पताल होते हुए स्ट्रेट माईल रोड तक फ्लैंक में पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन कार्य तथा 9 करोड़ 62 लाख रु. की लागत से पथ निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वयन होने वाली योजनाएं शामिल है।

### डॉ लाल व रेणुका चौधरी मामले के सूत्रधार हैं डॉ मृत्युंजय- आईएमए सचिव

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** आईएमए सचिव डॉ सौरभ चौधरी ने विधायक सरयू राय द्वारा डॉ एके लाल एवं डॉ रेणुका चौधरी के उपर लगाए गए आरोपो का सूत्रधार पूर्व आईएमए सचिव डॉ . मृत्युंजय को बताया। मीडिया में बयान जारी कर डॉ. सौरभ चौधरी ने कहा कि आदित्यपुर स्थित 111 सेव लाईफ हॉस्पीटल के डॉ ओपी आनंद और राजेश मोहंती का मामला डॉ. मृत्युंजय के समय का है। लेकिन उन्होंने जान बुझकर इस मामले को अब तूल दिया है। कहा कि डॉ. मृत्युंजय आईएमए के आउट स्टेशन मेंबर है। उनकी सरकारी पोस्टिंग छतरपुर अस्पताल पलामू जिला में है। लेकिन वो 24 घंटे सातों दिन जमशेदपुर में रहकर सीनियर डॉक्टर्स के खिलाफ साजिश करते हैं। कहा कि 99त्न डॉक्टर अपना काम निष्ठा से करते हैं। लेकिन मृत्युंजय जी जैसे डॉक्टर्स की वजह से डॉक्टर्स पर हमले होते हैं। क्योंकि इनके हिस्से का काम नहीं होने से मरीज को परेशानी होती है। इस मामले में मृत्युंजय की ओर से की गई बयानबाजी आईएमए को डिवाइड और कमजोर करना चाहते है और जो भी वो लिख रहे है ये आईएमए फोरम में उठाना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में ऑडियो क्लीप भी जारी किया।

## साकची रामलीला मैदान में भागवत कथा 9 से 15 मार्च तक

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी 09 से 15 मार्च तक साकची रामलीला मैदान में होगा। जिसकी सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में बुधवार को कथा स्थल रामलीला मैदान में आयोजकों ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगे बताया कि गोकुलधाम मथुरा से कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज कथा का प्रसंग करने के लिए शहर पधार रहे हैं। भागवत कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक होगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे पूजा होगी। पहले दिन शनिवार 9 मार्च को सुबह 8.30 बजे स्वर्णरेखा हाथी घोड़ा मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी, जो कथा स्थल पहुँचकर समाप्त होगी।। कलश यात्रा में 121 महिलाएं शामिल होगी। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने का अनुरोध किया हैं।

# स्वर्णरेखा आरती की तैयारियां तेज, मंत्री बन्ना गुप्ता ने लिया जायजा

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** बनारस में मां गंगा आरती की तर्ज पर पिछले वर्ष प्रारंभ हुए मां स्वर्णरेखा आरती को भव्य रुप देने

➡ **बनारस की तर्ज पर 8 मार्च को होगी मां स्वर्णरेखा की आरती**

की तैयारियां तेजी से चल रही है। नदी तट स्थित छठ घाट पर सीढ़ियों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। जिससे स्वर्णरेखा महोत्सव के दिन श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हो। काम-काज की निगरानी स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता स्वयं कर रहे हैं। मंगलवार की देर रात बन्ना गुप्ता गढ़वा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सीधे स्वर्णरेखा तट पहुंचे। वहां हो रहे कार्यक्रम की उन्होंने समीक्षा की। एक-एक काम को बेहतर ढंग से करने का निर्देश दिया।

### मां का कर्ज उतारने की कर रहा हूं कोशिश

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि



स्वर्णरेखा मेरी मां है। माँ का कर्ज उतारने की पूरी कोशिश कर रहा हूं, मेरा सौभाग्य हैं कि विधाता ने मुझे इस कार्य के लिए चुना है। जब तक मां स्वर्णरेखा का कर्ज नहीं उतारूंगा चुप नहीं बैठूंगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के राजनीतिक विरोध के कारण कार्य में थोड़ा विलम्ब हो रहा हैं। लेकिन तमाम व्यावधानों को दूर कर स्वर्णरेखा घाट को विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल बनाने का सपना पूरा होगा। दोमुहानी को अंतरराष्ट्रीय स्तर का गौरव प्राप्त होगा इसके लिए वे संकल्पित हैं। दूसरी ओर मंत्री बन्ना गुप्ता के मां स्वर्णरेखा के प्रति स्नेह, श्रद्धा को स्थानीय जनता की सराहना कर रही है। लोगों को भी पूरा विश्वास हैं कि मंत्री बन्ना गुप्ता के नेतृत्व में जो भी कार्य स्वर्णरेखा के जीर्णोद्धार के लिए किये जा रहे हैं वो जरूर पूर्ण होगा और जनता का साथ भी मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ है।

## सोनारी सामुदायिक भवन का उपरी तल तेली साहू समाज को सौंपा गया



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ी तेली साहू समाज का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को स्वर्णरेखा दोमुहानी घाट आरती स्थल पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिला। इस दौरान उनसे समाज के कार्यालय के संबंध में चर्चा की गई। श्री वीर बजरंग अखाड़ा सोनारी सामुदायिक भवन ऊपरी तल्ला के भवन की चाबी तेली साहू समाज सोनारी क्षेत्र के अध्यक्ष लखन राम साहू को सौंपा गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि अब समाज का अपना भवन हो गया है। अब किसी तरह का कार्यक्रम के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से लखन राम साहू, खेमचंद साहू उर्फ़ पप्पू, श्यामलाल साहू, रमेश साहू, सुदर्शन साहू, महेंद्र साहू नेतराम साहू बाबू दास भवन शुक्ला विनोद रजक पंडित दुर्गा प्रसाद मिश्रा उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट ने जेएनएसी को फिर लगायी फटकार, जांच कमिटी से मांगी रिपोर्ट

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जेएनएसी क्षेत्र में नक्शा विचलन पर अक्षेस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय और न्यायाधीश दीपक रौशन

➡ **नक्शा विचलन पर कार्रवाई नहीं करने पर सख्त हुई अदालत**

की पीठ ने गहरी नराजगी जाहिर की। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले की जांच के ले बनी कमिटी को पुन: जमशेदपुर जाकर तीन विंदुओं पर जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। इससे पहले राकेश झा द्वारा दायर जनहित याचिका (2078 /2018 ) की उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों न्यायाधीशों ने अक्षेष द्वारा नक्शा विचलन कर भवन बनाने वालों और पार्किंग की जगहों को व्यवसायिक दूकानों में तब्दील करने के




बावजूद कोई कार्रवाई नहीं करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं अखिलेश श्रीवास्तव और रोहित सिंहा ने अदालत को बताया कि 2011 में अक्षेष ने 46 अवैध भवनों को चिन्हित कर सील किया था। सीलिंग का मतलब ही होता है कि अवैध निर्माण को गिराना। पर अक्षेष ने उच्च न्यायालय में जैसे ही रिट पिटीशन 1076/ 2011 में अपना अंतिम आदेश पारित कर राज्य को नक्सा विचलन करने वाले पर कारवाई करने को कहा अक्षेष ने अपनी सीलिंग हटा ली और बिल्डरों को और भी अधिक अवैध निर्माण करने की छूट दे दी। जिसके चलते आज जमशेदपुर में 1246 अवैध भवनों का निर्माण हो चुका है और सारे भवनों में पार्किंग की जगह व्यवसायिक दूकानों खुली हुई हैं और गाड़ियाँ सड़कों पर पार्किंग की जाती है।

अदालत ने अदालत द्वारा नियुक्त जांच कमिटी की अंतरिम जांच रपट को देख कर अक्षेस को फटकार लगाई और जांच कमिटी को जमशेदपुर में लगातार प्रवास कर अपनी अंतिम रपट दायर करने को कहा। ज्ञातव्य है कि इससे पहले माननीय अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि चूँकि यह मामला 1246 भवन के अवैध निर्माण का है और यह निरंतर अब भी 57 भवनों में जारी है तो यह मामला संगीन है और इस पर अंतिम फ़ैसले के पहले पूर्व गठित जाँच टीम को एक बार पुन: जाँच के लिए जमशेदपुर जाने का निर्देश दिया जाता है।

तीन विंदुओं पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

हाईकोर्ट ने जांच टीम को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा था कि वर्तमान में निर्माणाधीन अवैध भवनों पर विशेष रूप से जांच कर अपना फ़ाइनल रपट मुख्यत: तीन विन्दुओं पर सौंपे। जिसमें पहला वृहत स्तर पर अनियंत्रित अवैध निर्माण पर जिम्मेदार अधिकृत अघिसूचित क्षेत्र समिति, जमशेदपुर की भूमिका क्या है। दूसरा वर्ष 2011 में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी है तथा नक्शा पारित करने एवं संशोधन करने में कौन कौन सी अनियमितताएं बरती गई हैं और कितने भवनों को नियम के विरूद्ध अतिरिक्त तल निर्माण का परमिट दिया गया है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल 2024 को निर्धारित की।

## छात्रवृत्ति योजना के लिए 22 मार्च तक करा सकते हैं पंजीकरण

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए झारखंड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के लिए पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए विस्तारित किया गया है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-2024 हेतु छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 22 मार्च 2024 कर दिया गया है।



गोवा के समंदर किनारे मस्ती करती दिखीं टीवी की छोटी बहू

# पति अभिनव की बाहों में कैद रूबीना दिलाइक

टीवी की छोटी बहू यानि एक्ट्रेस रूबीना दिलाइक इन दिनों अपने परिवार के साथ फुर्सत के पलों का आनंद ले रही हैं। वह पति अभिनव, बेटियों जीवा और ऐधा के साथ गोवा में क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं।

गोवा ट्रिप से एक्ट्रेस कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। हाल ही में रूबीना ने अपने गोवा ट्रिप से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो इस समय चर्चा में हैं। शेयर की तस्वीरों में रूबीना बीच किनारे पति अभिनव के साथ नजर आ रही हैं।

एक तस्वीर में रूबीना अभिनव की बाहों में कैद नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में दोनों एक-दूजे का हाथ थाम बीच किनारे चल रहे हैं। लुक की बात करें तो रूबीना व्हाइट शॉर्ट ड्रेस में स्टनिंग दिख रही हैं। मिनिमल मेकअप हसीना के लुक को परफेक्ट बना रहा है।

वहीं अभिनव ब्राउन टी-शर्ट और ब्लू जींस में हैंडमस लग रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो रुबीना और अभिनव की लेटेस्ट तस्वीरें हद से ज्यादा शानदार हैं जिन पर से आप अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे।

### गंदे शब्दों के इस्तेमाल का लगाया आरोप

# सुनील ने की कपिल शर्मा के नए शो की आलोचना





कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का नया शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो 30 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दिखाया जाएगा। इसमें 6 साल बाद कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी एक बार फिर साथ देखने को मिलेगी। इस बीच दिग्गज कॉमेडियन सुनील पाल इस शो को लेकर काफी नाराज नजर आए। सुनील ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें सुनील कहते हैं, दोस्तों द कपिल शर्मा जो नेटफ्लिक्स पर आ रहा है। उसका प्रोमो उसके वीडियो देखकर मैं काफी निराश हूं।

कपिल शर्मा हमारे कॉमेडी के सुपरस्टार हैं, किंग ऑफ कॉमेडी हैं। द ग्रेट कपिल शर्मा, जिनको लोग घर-घर में पसंद करते हैं, फैमिली एंटरटेनर के नाम पर, लेकिन अब जो उनका नया शो हज्ञज्ञ पर आ रहा है। उसमें प्रोमो की जो गंदगी मैं देख रहा हूं। गंदे शब्दों का इस्तेमाल मैं देख रहा हूं, मुझे लगता है यहां मेरा बादशाह हार जाएगा और मैं अपने बादशाह को हारते हुए नहीं देख सकता हूं। कपिल मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं। और ये जो शुरुआत हुई है इसको रोकना पड़ेगा आपको। ना सिर्फ मेरे लिए बल्कि आपके जो कई करोड़ों फैंस हैं उनके लिए। क्योंकि आप सच्चे और अच्छे कॉमेडियन हैं। नियत के साथ आपका दिल, दिमाग, आवाज, आपका स्वभाव, कंटेंट बहुत साफ-सुथरा है। आप अपने काम से घर-घर में पहुंचे हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि आपके नए शो की जो शुरुआत हुई है वो बंद कर दीजिए। आपकी टीम से मुझे कोई प्रॉब्लम नहीं है।

सुनील ग्रोवर को मैं देख चुका है वो गाली-गलौच करते हैं। कृष्णा अभिषेक भी ऐसे ही हैं। कीकू ने भी प्रमोट कर दिया है। उम्मीद नहीं थी, लेकिन उसने भी कर दिया।

आप नेटफ्लिक्स पर आ तो गए हैं, लेकिन यहां पर जो गंदे-गंदे कीड़े-मकोड़े हैं उनसे दूर रहिए। सुनील ने कैप्शन में लिखा, अब बेचारे कपिल शर्मा को कौन बचाएगा। बता दें कि 48 साल के सुनील ने साल 2005 में ग्रेट इंडियन लॉफ्टर शो का पहला सीजन जीता था। दिवंगत राजू श्रीवास्तव रनरअप रहे थे। सुनील कई कॉमेडी शो के साथ फिल्मों में भी काम कर चुके हैं।



### सनी लियोनी के अंदर घुसी

# माइकल जैक्शन की आत्मा

बॉलीवुड की बोल्ड एंड सिजलिंग एक्ट्रेस सनी लियोनी की हॉटनेस देखकर फैंस आहे भरने पर मजबूर हो जाते हैं। सनी का हर अंदाज इतना सिजलिंग और ब्यूटीफुल होता है कि देखने वाले देखते रह जाते हैं। बता दें कि सनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है। सनी लियोनी ने 2012 में भट्ट कैंप की फिल्म जिस्म-2 से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। पूजा भट्ट के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में सनी के अपोजिट बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा नजर आए थे। इस फिल्म के बाद ही सनी को बैक टू बैक फिल्में मिलती गईं।

## सनी लियोनी अजीबो-गरीब डांस

सनी फैंस के साथ इंटरेक्शन का कोई न कोई बहाना ढूंढ ही लेती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सनी का एक फनी वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें सनी अजीबो-गरीब फनी डांस करती नजर आ रही हैं। सनी के इस फनी वीडियो को देखकर लोग हैरत में पड़ गए हैं।

सनी ने इस फनी वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो को शेयर करते हुए सनी ने कैप्शन में लिखा है कि डांस विद मी. सनी लियोनी के फैंस उनकी हर एक अदा पर जान छिड़कते हैं। इस वीडियो के लिए भी फैंस का प्यार देखते ही बनता है। डांस में एक्ट्रेस के मूव्स और एनर्जी देखने लायक है। सनी अपने क्यूट अंदाज और हिंदी से लोगों को खूब इंप्रेस करती हैं। सनी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। सनी का क्यूट अंदाज फैंस को खूब भाता है। सनी शूटिंग के वक्त भी खूब मस्ती करती नजर आती हैं। निजी जिंदगी की बात करें तो सनी लियोनी ने जून 2017 में निशा नाम की बच्ची को गोद लिया था। उसके बाद मार्च 2018 में सनी लियोन सरोगेसी के जरिए दो जुड़वां बच्चों की मां बनीं। सनी के दोनों बेटों के नाम नोआह और अशर है।



### ग्लोबल स्टार अनुष्का सेन ने अपने

# अन अनाउंसड प्रोजेक्ट के पहले शेड्यूल के रैप होने की दी जानकारी

अनुष्का सेन एक बहुत ही टैलेंटेड और ग्लोबल लेवल पर पॉपुलर यंग आर्टिस्ट हैं, जो अपनी जादूई परफॉर्मेंस से दर्शकों को अपना फैंस बना लेती हैं। सिर्फ 21 साल की उम्र में, उन्हें आपने आप को एक अलग ग्लोबल स्टार ऑफ इंडिया के रूप में स्थापित कर लिया है। हाल ही में, उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने लेटेस्ट प्रोजेक्ट की एक झलक शेयर की, जिससे उनके फैंस को अनुष्का सेन के अगले कदम के बारे में जानने के लिए उत्सुकता है। हाल की एक खबर के मुताबिक, पता चला है कि अनुष्का सेन 2024 में अपनी करियर में एक दिलचस्प सफर के लिए तैयार हो रही हैं। 2023 में बिजी रहने के बाद और 2024 की बिजी शुरुआत करने वाली अनुष्का, के बारे में यह जानने के लिए उत्साहित हैं कि एक्ट्रेस अब क्या करने वाली हैं। हालांकि, उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में अब तक कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है, सिर्फ यह बात कही जा रही है वह कुछ बड़े और बेहद दिलचस्प चीज पर काम कर रहे हैं।

# ईद पर होगी जबरदस्त भिड़ंत आमने-सामने अक्षय और अजय





## किसका चलेगा बॉक्स ऑफिस पर सिक्का?

अजय देवगन इन दिनों फिल्म 'शैतान' को लेकर चर्चा में हैं। इसे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसके जरिए अजय, आर माधवन और एक्ट्रेस ज्योतिका के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। इसी बीच एक्टर की नई फिल्म 'मैदान' की रिलीज का भी ऐलान कर दिया गया है। इसका नया पोस्टर शेयर किया गया है, जो कि काफी इमोशनल है। इसकी कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। पोस्टर शेयर करने के साथ ही जानकारी दी गई है कि इसे ईद 2024 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। इसकी रिलीज डेट सामने सामने आते हैं लोगों के बीच खलबली मच गई है। दरअसल, ईद 2024 के मौके पर अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' ही नहीं बल्कि अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'छोटे मियां बड़े मियां' भी रिलीज हो रही है। इसकी रिलीज डेट 9 अप्रैल तय की गई है। इसके जरिए अक्षय और टाइगर पहली बार स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं और ये एक्शन से भरपूर है। ऐसे में फैंस दोनों स्टार्स को एक्शन मोड में देखने के लिए बेताब हैं। दोनों ही स्टार एक्शन और स्टंट के लिए जाने जाते हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में दमदार एक्शन देखने के लिए मिलने वाला है।

### सच्ची घटना या एक्शन, बॉक्स ऑफिस किसका दिखेगा दम?

अब ऐसे में ईद 2024 के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर 'मैदान' और 'छोटे मियां बड़े मियां' के बीच जबरदस्त क्लैश देखने के लिए मिलने वाला है। एक तरफ पर्दे पर फ्रेश जोड़ी है, जो दमदार एक्शन मोड में नजर आने वाली है और दूसरी तरफ एक सच्ची घटना की कहानी। इसे अजय देवगन लेकर आ रहे हैं। ये देशभक्ति से ओत-प्रोत है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा किसे देखने पसंद करते हैं सच्ची घटना को या फिर एक्शन।

### टीवी की नागिन संग Lip Kiss की क्लिप वायरल

# 'सीरियल किसर' वाले अवतार में फिर दिखे इमरान हाशमी !

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी को पिछली कुछ फिल्मों में नेगेटिव भूमिका में देखा गया। इसमें सलमान खान की 'टाइगर 3' जैसी फिल्म शामिल है। इमरान की विलेन की भूमिका को लोगों ने काफी पसंद किया, जिसके बाद फैंस को लगा कि अब एक्टर का वही रोमांटिक और 'सीरियल किसर' वाला अंदाज देखने के लिए नहीं मिलेगा। इसी बीच एक्टर की एक वीडियो क्लिप वेब सीरीज 'शो टाइम' से सामने आई है, जिसमें वो एक्ट्रेस मौनी रॉय के साथ लिप किस करते हुए नजर आ रहे हैं। उनका ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है। लोगों को एक्टर का पुराना अंदाज काफी पसंद आ रहा है।



इसे देखने के बाद फैंस वेब सीरीज के लिए एक्साइटेड हो गए हैं। दरअसल, कुछ दिनों पहले ही इमरान हाशमी और मौनी रॉय स्टारर वेब सीरीज 'शो टाइम' के ट्रेलर को रिलीज किया था। वेब सीरीज में देखने के लिए मिला था कि बॉलीवुड के 'काले राज' खुलते हैं। ऐसे में अब इसी वेब सीरीज से मौनी रॉय और इमरान हाशमी का स्टीमी लिप किस सीन वायरल हो रहा है, जिसके बाद एक्टर अपने पुराने अंदाज 'सीरियल किसर' वाली भूमिका को लेकर चर्चा में आ गए है। इसमें मौनी ने यास्मीन अली का रोल प्ले किया है। वीडियो में दोनों एक बार में नजर आते हैं। इस दौरान पर्सनल टॉक के बीच इनके बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने के लिए मिलती है, जो बेहद ही रोमांटिक है। इमरान वेब शो में मौनी को रघु खन्ना बनकर किस करते हैं।

### कब और कहां देख सकेंगे 'शो टाइम'?

अगर इमरान हाशमी और मौनी रॉय की वेब सीरीज 'शो टाइम' की रिलीज की बात की जाए तो इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार से स्ट्रीम किया जाएगा। वेब शो को 8 मार्च 2024 को रिलीज किया जाना है। इसे सुमित रॉय ने क्रिएट किया है। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार डायरेक्टर हैं। इसके साथ ही वेब सीरीज का निर्माण करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है।


### मैंने कभी शादियों में डांस नहीं किया

# कंगना रनौत ने अंबानी पार्टी में सेलेब्स के परफॉर्म करने पर कसा तंज?



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत कुछ न कुछ कहती ही रहती हैं। इस बार भी उन्होंने तंज भरा पोस्ट किया है। उसमें इन्होंने शादियों में डांस करने पर अपनी राय दी है। बताया कि उन्होंने कभी शादी में डांस नहीं किया, भले उनको कितना ही लालच दिया गया हो।

साथ ही लता मंगेशकर का भी उदाहरण दिया। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग में सलमान खान-शाहरुख खान समेंत बॉलीवुड के तमाम सितारे पहुंचे थे। उन्होंने परफॉर्मेंस भी दी थी। लेकिन कंगना रनौत नजर नहीं आई थीं। लोगो उन्हें वीडियोज में तलाश रहे थे कि वह कहा हैं। अब एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री की मशहूर हस्तियों पर तंज कसा है, जिन्होंने अंबानी पार्टी में जाकर, वहां डांस किया। कंगना रनौत ने मंगलवार, 5 मार्च को इंस्टाग्राम स्टोरी में सभी की तुलना दिवंगत गायिका लता मंगेशकर से की। उन्होंने उनका एक आर्टिकल शेयर किया, जिसमें लता मंगेशकर ने कहा था कि अगर उन्हें कोई 5 मिलियन डॉलर भी दे तो भी वह शादियों में नहीं गाएंगी। अब इसी की आड़ में कंगना रनौत ने लिखा, मैंने बहुत आर्थिक तंगी झेली हैं, लेकिन लताजी और मैं केवल दो लोग हैं, जिनके गाने सबसे ज्यादा हिट हुए हैं।



# रिहाना ने ले ली ओरी की ये खास चीज

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग फेस्टिवल्स में देश-विदेश के कई जानी-मानी हस्तियां पहुंची। इंस्टाग्राम पर इस फेस्टिवल की तस्वीरें और वीडियो छाए हुए हैं, जब भी इंस्टाग्राम खोलो ऐसा लगता है कि हम भी जामनगर पहुंच गए हैं जहां ये वेडिंग फेस्टिवल हुआ। अब सोशल मीडिया स्टार ओरी ने भी इस पार्टी की इनसाइड तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं।

इन तस्वीरों से पता चलता है कि रिहाना ने ओरी से उनकी खास चीज ले ली है। दरअसल ओरी बेहद स्टाइलिश क्रिस्टल इयररिंग के साथ पार्टी में पहुंचे थे, रिहाना को ये इयररिंग पसंद आ गई फिर क्या था ओरी ने इयररिंग उतारी और रिहाना को दे दी। उसके बाद रिहाना ने तस्वीरें क्लिक कराई तो वो इयररिंग के साथ नजर आईं। एक तस्वीर में रिहाना शाहरुख खान के साथ नजर आ रही हैं उसमें भी वो इयररिंग फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। ओरी ने कुछ वीडियोज भी शेयर किए हैं। एक वीडियो में रिहाना को ओरी इयररिंग देते नजर आ रहे हैं और रिहाना कहती हैं कि उन्हें ये पसंद है। वहीं एक वीडियो में रिहाना अनंत और राधिका के बीच खड़ी हैं और राधिका को प्यार से गले लगाते दिख रही हैं।

वहीं एक तस्वीर में रिहाना राधिका मर्चेंट के साथ, अंबानी की बड़ी बहू श्लोका और ईशा अंबाी के साथ नजर आ रही हैं। इससे पहले ओरी ने अपने लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं, जहां वो क्रिस्टल इयररिंग्स के साथ छाए थे।



# राधिका बदली नाम की स्पेलिंग

बी-टाउन स्टार्स को सक्सेस पाने के लिए हर वह चीज करते हुए देखा जाता है जो वह कर सकते हैं। बात चाहे अलग-अलग किरदार निभाने की हो या फिर अपनी पर्सनैलिटी को चेंज करने की दर्शकों के दिल में जगह बनाने के लिए स्टार्स हर मुमकिन कोशिश करते हैं। कुछ स्टार्स ऐसे भी हैं जिन्होंने सफलता पाने के लिए ज्योतिष विद्या का सहारा लिया है। सक्सेस पाने या फिर परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए हमने कई लोगों से रत्नों का सहारा लेते हुए देखा है लेकिन कुछ सितारे तो ऐसे हैं जिन्होंने अपने नाम की स्पेलिंग तक बदल डाली है। अब इस लिस्ट में एक्ट्रेस राधिका मदान का नाम भी शामिल हो गया। जी हां, राधिका मदान ने भी अपनी नाम की स्पेलिंग को बदला है।



महिला प्रीमियर लीग : 2024

# इस्माइल ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला प्रीमियर लीग में अपनी रफ्तार से एक नया रिकॉर्ड बना दिया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में शबनीम ने मुंबई की तरफ से गेंदबाजी करते हुए 132.1 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह किसी भी खिलाड़ी के द्वारा फेंकी अब तक की सबसे तेज गेंद बन गई है।

इससे पहले महिला क्रिकेट में सबसे तेज गेंद डालने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी के नाम था, जिन्होंने 130 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद डाली थीं। दिल्ली के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पारी के तीसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर शबनीम ने रफ्तार के रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया।

### महिला क्रिकेट में शबनीम का रहा है खौफ

35 साल की शबनीम इस्माइल इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है। हालांकि, इसके बावजूद महिला क्रिकेट में उनकी तूफानी गेंदबाजी का खौफ है। साउथ अफ्रीका के लिए खेलते हुए भी शबनीम ने अपनी त ` ज गेंदबाजी से कई रिकॉर्ड नाम कर चुकी है। महिला प्रीमियर लीग से पहले दो बार 127 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद डाल चुकी है जो कि महिला क्रिकेट में एक रिकॉर्ड है। शबनीम साउथ अफ्रीका के लिए 127 वनडे और 113 टी20 और एक टेस्ट मैच में मैदान पर उतरी हैं।

वनडे क्रिकेट में उन्होंने 191 विकेट लिए हैं जबकि टी20 में उनके नाम 123 विकेट दर्ज है। इसके अलावा टेस्ट में उन्हें तीन विकेट मिले हैं।



# दिल्ली ने अपने घर में चैंपियन मुंबई को 29 रन से पीटा, जेमिमा और लैनिंग ने जड़े तूफानी अर्धशतक

**दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 12वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को 29 रन से हरा दिया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 192 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए थे। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 163 रन ही बना पाई। इस जीत के बाद दिल्ली की टीम अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई। वहीं मुंबई 5 मैच में दूसरी हार के बाद तीसरे पायदान पर है।

### जेमिमा और लैनिंग की तूफानी पारियां

बात करें मैच की तो दिल्ली की जीत में कप्तान लैनिंग और जेमिमा के तूफानी अर्धशतक का सबसे बड़ा योगदान रहा। लैनिंग ने छह चौके और दो छक्के की मदद से 38 गेंद में 53 रन की पारी खेली। मौजूदा सत्र में अपने तीसरे अर्धशतक के साथ उन्होंने तीन उपयोगी साझेदारियां की। वहीं जेमिमा ने इसके बाद 33 गेंदों में आठ चौके और तीन छक्के लगाकर नाबाद 69 रन बनाये और टीम को 200 रन के के करीब पहुंचाया।

### शेफाली और कैप्सी ने भी खेली आक्रामक पारियां

दिल्ली की ओर से शेफाली वर्मा (28) और ऐलिस कैप्सी (19) ने भी आक्रामक पारियां खेली। मुंबई इंडियन्स के लिए पूजा वस्त्राकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रही। उन्होंने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट लिया। साइका इशाक (29 रन पर एक विकेट), शबनीम इस्माइल (46 रन पर एक विकेट) और हेले मैथ्यूज (23 रन पर एक विकेट) विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज थे।

### मुंबई का टॉप ऑर्डर रहा फेल

193 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मुंबई का टॉप ऑर्डर बुरी तरह से फ्लॉप रहा। मुंबई को पहला झटका 7 के स्कोर पर यास्तिका भाटिया के रूप में लग गया था। इसके बाद सेवियर ब्रंट भी 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं थी। देखते ही देखते मुंबई की टीम ने 54 के स्कोर पर 4 और 68 पर 5 विकेट खो दिए थे। अमनजोत कौर ने सर्वाधिक 27 गेंद में 42 रन की पारी खेली। वहीं साजना ने 14 गेंद में नाबाद 24 रन बनाए।



# आईपीएल को हम भी उतना ही पसंद करते हैं जितना प्रशंसक करते हैं : ऋषभ पंत


**मुंबई, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 2024 से पहले कहा है कि आईपीएल एक भावना है, और हम इसे उतना ही पसंद करते हैं जितना प्रशंसक करते हैं। दिसंबर 2022 में एक दुखद दुर्घटना से उबरने के बाद उनके आईपीएल 2024 में अपनी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए एक्शन में वापसी करने की उम्मीद है।

पंत आईपीएल 2024 में वापसी के लिए प्रशंसकों से मिले प्यार के लिए आभारी हैं। आईपीएल सीरीज अभियान अजब रंग दिखेगा से बात करते हुए पंत ने कहा कि अजब रंग दिखेगा अभियान का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। आईपीएल एक भावना है और हम भी इसे उतना ही पसंद करते हैं जितना प्रशंसक करते हैं। ऋषभ पंत ने कहा कि नए अभियान के माध्यम से, हम उन अनूठे सामुदायिक अनुभवों का जश्न मनाते हैं जो आईपीएल पूरे देश में पैदा करता है और इसे वास्तव में अविस्मरणीय अनुभव बनाता है।

मैं प्रशंसकों द्वारा दिए गए प्यार के लिए आभारी हूं और मैं आईपीएल 2024 का इंतजार कर रहा हूं। इससे पहले, भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने पंत पर नवीनतम अपडेट का खुलासा किया, जिन्होंने 31 दिसंबर, 2022 को एक भयानक दुर्घटना का सामना करने से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व किया था और तब से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक गांगुली ने कहा कि उन्होंने फिट होने के लिए सब कुछ किया है और यही कारण है कि एनसीए उन्हें मंजूरी दे देगा। दिल्ली कैपिटल्स ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 में पंत टीम की कप्तानी करेगा या नहीं।

# अश्विन ने 2012 की इस हार को बताया करियर का टर्निंग पॉइंट, इंग्लैंड ने दिया था जख्म

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में 7 मार्च से शुरू होने वाला पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए बहुत खास होगा, क्योंकि वह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच है। अश्विन ने मंगलवार को धर्मशाला में प्रेस



कॉन्फ्रेंस को ब्रीफ करते हुए अपनी भावनाओं के बारे में बताया। इस दौरान अश्विन ने टेस्ट करियर के मुश्किल दौर को भी याद किया। अश्विन ने अपने टेस्ट करियर के सबसे बड़े टर्निंग पॉइंट का भी जिक्र किया।

### 2012-13 की हार ने सिखाया सबक

अश्विन ने 2012-13 में इंग्लैंड के हाथों मिली हार को करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया है। अश्विन ने कहा है कि उस सीरीज ने मुझे सबसे बड़ा सबक सिखाया। मुझे लगा था कि उस सीरीज के बाद मैं टीम से बाहर कर दिया जाऊंगा, क्योंकि मैंने चार टेस्ट मैचों में 52.64 की औसत से 14 विकेट लिए थे। अश्विन ने बताया कि उस सीरीज के बाद उनकी गेंदबाजी पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन उस सीरीज ने मुझे और भी बहुत कुछ सीखने के लिए प्रेरित किया।



# भारत के अंपायर नितिन मेनन के नाम दर्ज होगी ये बड़ी उपलब्धि, पूरी कराएंगे फैब 4 की स्पेशल सेंचुरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के अंपायर नितिन मेनन खुद को बहुत ही ज्यादा भाग्यशाली समझ सकते हैं, क्योंकि वह दुनिया के एकमात्र अंपायर हैं, जो मौजूदा समय के चार दिग्गज खिलाड़ियों की ऐतिहासिक मैच के गवाह बनेंगे।

फैब 4 में विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन को शामिल किया जाता है। इनमें से तीन खिलाड़ी 100 या इससे ज्यादा टेस्ट मैच खेल चुके हैं, लेकिन केन विलियमसन 8 मार्च को ऐसा करने जा रहे हैं। हालांकि, हैरान करने वाली बात ये है कि विराट, रूट और स्मिथ के 100वें टेस्ट मैच में नितिन मेनन ही अंपायर थे और विलियमसन की स्पेशल सेंचुरी में भी नितिन मेनन ही अंपायर होंगे।

आपको बता दें, नितिन मेनन ने सबसे पहले जो रूट के 100वें टेस्ट मैच में अंपायरिंग की थी। ये मैच 5 फरवरी 2021 को चेन्नई में भारत के खिलाफ खेला गया था। इसके बाद विराट कोहली के 100वें टेस्ट मैच में भी नितिन मेनन अंपायर थे। ये मैच श्रीलंका के खिलाफ मोहाली में 4 मार्च 2022 को खेला गया था। वहीं, पिछले साल लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 6 जुलाई को स्टीव स्मिथ अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने उतरे थे। उस मैच में भी अंपायर नितिन मेनन ही थे। अब 8 मार्च को केन विलियमसन 100वां टेस्ट खेलने वाले हैं और इस बार भी नितन मेनन को अंपायर की भूमिका संभालनी है।

वूशु: अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण

# सतना की वैष्णवी ने आत्मसुरक्षा के लिए अपनाया वूश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 21 वर्षीय वैष्णवी बताती हैं कि वे पांच भाई-बहन हैं और उनके पिता पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। वैष्णवी 2019 की जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विजेता बनीं। मास्को स्टार वूशु टूर्नामेंट के फाइनल में उन्होंने रूसी खिलाड़ी को हराया। वैष्णवी त्रिपाठी ने पांच वर्ष पूर्व बड़ी बहन गीतांजलि को देखकर आत्मसुरक्षा के लिए मार्शल आर्ट्स वूशु को अपनाया था, लेकिन जिस खेल को सतना की इस खिलाड़ी ने अपनी सुरक्षा के लिए चुना उसी में उन्होंने देश के लिए स्वर्ण जीता। वैष्णवी ने अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मास्को स्टार वूशु के 48 भार वर्ग में सोना जीता। चीन समेत 12 देशों की मौजूदगी में भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 16 स्वर्ण पदक जीते। वैष्णवी ने सांडा वर्ग में स्वर्ण जीता।

### सुधांशु त्रिवेदी की बधाई से आई सुर्खियों में

वैष्णवी मंगलवार को अचानक उस वक्त सुर्खियों में आईं जब भाजपा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने सोशल मीडिया पर उनके बारे में लिखा कि, अब तक वैष्णवी को बधाइयों का तांता लग जाना था, लेकिन सन्नाटा पसरा हुआ है, अरे भाई देश की बेटी ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने अंत में लिखा आपकी मर्जी बिटिया को बधाई दो या ना दो हम तो देंगे। वैष्णवी मास्को से अमर उजाला को बताती हैं कि उन्होंने भी सुधांशु सर की बधाई के बारे में सुना है, उनके लिए यह बड़ी बात है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दी।

### बड़ी बहन बनीं प्रेरणा

वैष्णवी की बड़ी बहन गीतांजलि भी वूशु खिलाड़ी



और देश के लिए 2022 में जॉर्जिया अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण जीत चुकी हैं। वैष्णवी के मुताबिक वही उनकी प्रेरणा हैं। उन्होंने और उनकी बहन ने पास में ही इस खेल का अभ्यास करते बच्चों को देखा तो उन्हें लगा कि लड़कियों की सुरक्षा के लिए यह खेल बेहद अच्छा है। दोनों ने इसे अपनाया। गीतांजलि ने जल्द ही राष्ट्रीय टीम में जगह बना ली।

वैष्णवी बताती हैं कि उन्होंने राष्ट्रीय टीम में पदार्पण करते हुए स्वर्ण जीता है।

### फाइनल में रूसी खिलाड़ी को हराया

21 वर्षीय वैष्णवी बताती हैं कि वे पांच भाई-बहन हैं और उनके पिता पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। वैष्णवी 2019 की जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विजेता बनीं। मास्को स्टार वूशु टूर्नामेंट के फाइनल में उन्होंने रूसी खिलाड़ी को हराया। वैष्णवी कहती हैं कि वह 2026 के एशियाई खेलों में देश के लिए स्वर्णिम प्रदर्शन करना चाहती हैं।

### यूपी की बुलबुल को भी स्वर्ण

मेरठ की बुलबुल चौधरी ने भी मंगलवार को मास्को में समाप्त हुई मास्को स्टार वूशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा सोना जीतने वालों में गाजियाबाद के संतोष मिश्रा (48 भार वर्ग) और जम्मू कश्मीर की आइरा और अंशा चिश्ती भी शामिल हैं। भारतीय टीम के कोच सेना के अमित पॉल के मुताबिक बुलबुल ने सीनियर वर्ग के सांडा में 56 भार में स्वर्ण जीता। हरियाणा के आर्यन ने जूनियर वर्ग के 48 भार में स्वर्ण जीता।

आइरा ने सांडा के 52 और उनकी बहन अंशा ने 56 भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। हिमाचल प्रदेश के आर्यन सूद (60), दिल्ली के पंकज शर्मा (85), चंडीगढ़ की अनु (45) ने रजत पदक जीते।



# तेंदुलकर ने गिनाए डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने के फायदे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने भी युवा खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि इस बार के रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल दिलचस्प रहे। मुंबई ने बल्लेबाजी के दम पर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि विदर्भ और मध्य प्रदेश के बीच कांटे का मुकाबला जारी है। उन्होंने बीसीसीआई की तारीफ भी की, जो डोमेस्टिक क्रिकेट को बढ़ावा दे रहा है। सचिन ने ये भी बताया कि उनको जब भी मौका मिला, वे मुंबई के लिए खेले, लेकिन आजकल के क्रिकेटर ऐसा करने से कतरा रहे हैं। उनका मानना है कि इससे युवा खिलाड़ियों को फायदा होता है। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी को लेकर किए गए एक्स पोस्ट में लिखा,÷रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल दिलचस्प रहे। मुंबई का इसके फाइनल में पहुंचना शानदार बल्लेबाज़ी की मदद से हुआ, जबकि दूसरा सेमीफाइनल अंतिम दिन तक अधर में लटका हुआ है। मध्य प्रदेश को जीत के लिए 90 से ज्यादा रन चाहिए, जबकि विदर्भ को 4 विकेट चाहिए। अपने पूरे करियर के दौरान, जब भी मुझे मौका मिला, मैं मुंबई के लिए खेलने को लेकर जुनूनी रहा। बड़े हुए तो हमारे ड्रेसिंग रूम में लगभग 7-8 भारतीय खिलाड़ी थे और उनके साथ खेलना मजेदार था। उन्होंने आगे लिखा, जब भारत के खिलाड़ी अपनी घरेलू टीमों के लिए खेलते हैं, तो इससे युवाओं के लिए खेल की क्वालिटी बढ़ती है और कभी-कभी नई प्रतिभा की पहचान होती है। यह राष्ट्रीय खिलाड़ियों को कभी-कभी बुनियादी बातों को फिर से खोजने का मौका भी देता है। घरेलू टूर्नामेंटों में शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के भाग लेने से, समय के साथ प्रशंसक भी अपनी घरेलू टीमों को और अधिक फॉलो करना और समर्थन करना शुरू कर देंगे। यह देखना अद्भुत है कि बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट को समान प्राथमिकता दे रहा है।

पेरिस ओलंपिक्स

# ओलंपिक क्वालिफायर में मुक्केबाजों का दयनीय प्रदर्शन जारी, अब लक्ष्य को भी मिली हार

**बस्टो अरसीजिओ (इटली) एजेंसी।** विश्व ओलंपिक क्वालिफायर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों के दयनीय प्रदर्शन का क्रम जारी है। दीपक बोरिया (51) और नरेंदर कुमार (92), जैस्मिन (60) की हार के बाद सोमवार की देर रात 80 भार वर्ग के पहले दौर में लक्ष्य चाहर भी बाहर हो गए। लक्ष्य को 2021 की एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ईरान के मेयसाम घेशलाघी ने तीसरे दौर में नॉकआउट कर दिया। पहला दौर लक्ष्य 2-3 से हारे और दूसरे दौर में वह 3-2 से जीते, लेकिन तीसरा दौर समाप्त होने से 20 सेकंड पहले मेयसाम के जोरदार प्रहार से वह धराशाई हो गए। शिवा थापा (63.5 भार) को मंगलवार की देर रात वर्तमान विश्व चैंपियन उज्बेकिस्तान के रुसलान अब्दुलाएव से और निशांत देव (71) को इंग्लैंड के लुइस रिचर्डसन से खेलना है। अभी भी पांच भारतीय मुक्केबाज इस टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं। इस टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा से वंचित रहने वाले मुक्केबाज 23 मई से 3 जून तक बैंकाक (थाईलैंड) में होने वाले दूसरे और अंतिम विश्व ओलंपिक क्वालिफायर टूर्नामेंट में खेलेंगे।



इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# धर्मशाला टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 घोषित

बेन स्टोक्स ने किया 1 बदलाव

**धर्मशाला, एजेंसी।** भारत के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड ने एक दिन पहले प्लेइंग 11 घोषित करने की परंपरा को जारी रखा। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम ने पहला टेस्ट जीतकर शानदार शुरुआत की थी। इसके बाद वह लय जारी नहीं रख पाई और लगातार 3 मैच हारकर सीरीज गंवा दी। धर्मशाला टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में 1 बदलाव हुआ है। ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड की वापसी हुई है। मध्यक्रम के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के लिए यह मैच खास होगा। वह अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे।

माना जा रहा था कि इंग्लैंड की टीम धर्मशाला की परिस्थितियों को देखते हुए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को प्लेइंग 11 में मौका दे सकती है, लेकिन पिच को देखने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम ने एक बार फिर 2 तेज गेंदबाज और 2 स्पिनर्स के साथ उतरने का मन बनाया। जो रूट के तौर पर एक और स्पिनर का विकल्प होगा। रांची टेस्ट में भी टीम इसी कॉम्बिनेशन के साथ उतरी थी। यह देखना बाकी है कि क्या कप्तान स्टोक्स सीरीज के आखिरी टेस्ट में गेंदबाजी करेंगे? विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट की शुरुआत के बाद से यह संभावना बनी हुई है।



वुड ने अब तक सीरीज के दो टेस्ट हैदराबाद और राजकोट में खेले हैं। उन्होंने 55.5 की औसत से 4 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, रॉबिन्सन ने सीरीज का अपना एकमात्र मैच रांची में खेला, जहां उन्होंने पीठ में दिक्कत के कारण खराब प्रदर्शन किया। इससे उनकी गेंदबाजी की गति काफी प्रभावित हुई और टेस्ट मैच में केवल 13 ओवर कर पाए।

**धर्मशाला टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स (विकेटकीपर),टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर।

**भारत की संभावित प्लेइंग 11**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, देवदत्त पडिक्कल/रजत पाटीदार, सरफराज खान, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

# लोकसभा के साथ ही बिहार में विस चुनाव भी चाहते हैं नीतीश कुमार?

**पटना, एजेंसी।**
बिहार में नई सरकार के गठन के बाद कैबिनेट विस्तार और सीट शेयरिंग में हो रही देरी के कारण अटकलों का बाजार गर्म है। सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा भंग कर सकते हैं और लोकसभा चुनाव के साथ ही प्रदेश का चुनाव भी करवा सकते हैं। अंग्रेजी अखबार द हिंदू की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि नीतीश कुमार खुद दोनों चुनाव एकसाथ कराने पर जोर दे रहे हैं। 7 मार्च से शुरू हो रही अपनी विदेश यात्रा से पहले दिल्ली में इस विषय पर वह बीजेपी के दिग्गज नेताओं के साथ मंथन करने वाले हैं।

हालांकि, जेडीयू के वरिष्ठ नेता, नीतीश कुमार के करीबी और राज्यसभा सांसद संजय झा लगातार इस बात से इनकार कर रहे हैं। हाल ही में वह जब दरभंगा पहुंचे थे तो उन्होंने जोर देकर कहा कि विधानसभा चुनाव अपने तय समय के मुताबिक, यानी कि 2025 में होंगे।



आपको बता दें कि जेडीयू के पास वर्तमान में बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से 16 सीटें हैं। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि नीतीश कुमार की पार्टी ने एनडीए में 2019 की तरह 17 सीटों की मांग की है। हालांकि, इस चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए में सीटों के दावेदारों की संख्या अधिक है। उपेन्द्र कुशवाह की राष्ट्रीय लोक जनता दल (आरएलजेडी), जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (एचएएम) और लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के दो गुट एनडीए में शामिल हैं। एक का नेतृत्व चिराग पासवान और दूसरे का नेतृत्व उनके चाचा पशुपति पारस कर रहे हैं। दावेदारों की संख्या अधिक होने के कारण सीट शेयरिंग का मुद्दा जटिल बन चुका है। चुनाव के कारण भी सीट शेयरिंग पर बातचीत में और देरी हो गई है। यदि किसी भी पक्ष द्वारा मतदान के लिए दबाव डाला गया तो मतदान 21 मार्च को होगा। जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हमारे लिए लोकसभा सीट का बंटवारा महत्वपूर्ण नहीं है। पार्टी का एक बड़ा वर्ग मानता है कि विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने चाहिए ताकि हम विधानसभा में अपनी ताकत को ठीक कर सकें। पिछली बार एलजेपी के हमारे खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण संख्या बल में हम पिछड़ गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ बुआ की अपील पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कस्टडी (अभिरक्षा) के मुकदमे के निपटारे के लिए लड़की के साथ संपत्ति की तरह व्यवहार नहीं किया जा सकता है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने उड़ीसा हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें एक लड़की के जैविक पिता को उसकी कस्टडी दी गई थी। शीर्ष अदालत हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ लड़की की बुआ की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि लड़की अपनी बुआ के पास खुशी-खुशी रह रही है। अदालत ने गौर किया कि मार्च 2014 में पैदा हुई बच्ची लगभग तीन महीने की उम्र से ही अपने जैविक पिता की बहन के साथ रह रही है। जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने कहा, यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें कोई भी पक्ष गोद लेने का दावा कर रहा है। यह केवल लड़की की कस्टडी से संबंधित विवाद है। सोमवार को सुनाए गए फैसले में पीठ ने कहा कि उसने लड़की से बातचीत की। लड़की ने कहा कि वह बुआ के साथ रहकर खुश है। शीर्ष अदालत ने कहा, लड़की इस संबंध में राय बनाने में सक्षम है।ज् उसे संपत्ति मानकर उसके जैविक पिता को नहीं सौंपा जा सकता।

### आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पाँच की मौत

**नंदयाल, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के नंदयाल जिले में बुधवार को एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने से नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। यह दुर्घटना अल्लागड्डा मंडल में नल्लागाटला के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह करीब 5.15 बजे हुआ जब कार चला रहे व्यक्ति ने सड़क किनारे खड़े ट्रक पर ध्यान नहीं दिया। कार में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हैदराबाद का रहने वाला परिवार तिरुमाला मंदिर में दर्शन के बाद तिरुपती से घर लौट रहा था। बालाकिरण और काव्या, जिनकी एक सप्ताह पहले शादी हुई थी, दुर्घटना में मारे गए। बालाकिरण की मां मंथरी लक्ष्मी और पिता मंथरी रविंदर और छोटा भाई उदय भी मारे गए। परिवार सिकंदराबाद के पश्चिमी वेंकटपुर का रहने वाला था। बालाकिरण ने 29 फरवरी को काव्या के साथ शादी की थी और रिसेप्शन 3 मार्च को शहर के शमीरपेट में आयोजित किया गया था।

### मैंने मोदी से अच्छा इंसान नहीं देखा- अब्दुल सलाम

**मलप्पुरम, एजेंसी।** उम्मीदवार अब्दुल सलाम 195 नामों की पहली सूची में एकमात्र मुसलमान हैं। इसके चलते ही वह खासे चर्चा में हैं, क्योंकि साल 2019 में पार्टी ने किसी मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा था। सलाम को केरल की मलप्पुरम सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें मंत्रमुग्ध किया है। कौन हैं अब्दुल सलाम सलाम 71 साल के हैं और केरल की चुनावी राजनीति से परिचित हैं। साल 2016 में भाजपा ने उन्हें तिरूर विधानसभा सीट से उम्मीदवार भी बनाया था। हालांकि, वह चुनाव हार गए थे, लेकिन उनके उठाए मुद्दे चर्चा में रहे। उन्होंने शिक्षण के क्षेत्र में लंबा समय गुजारा है। करियर के दौरान वह एचओडी से लेकर एसोसिएट डीन जैसे अहम पदों पर भी रहे। 13 किताबें प्रकाशित करने वाले सलाम कलीकट विश्वविद्यालय कुलपति भी रहे थे। खबरें हैं कि वह कुवैत और सूरीनाम में विजिटिंग प्रोफेसर भी रहे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, सलाम का कहना है, वह एक ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने मुझे मंत्रमुग्ध कर दियाहै। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया मोदी जी के आसपास घूम रही है। यह उनकी शख्सियत, सोच, मिशन और काम की ताकत है। उनके मन में सबको साथ लेकर चलने का भाव है। वह पूरे देश को एक नजर से देखते हैं। आप ऐसे किसी दूसरे नेता का नाम ले लीजिए, मैं उनके साथ खड़ा हो जाऊंगा। मैंने 21 सालों में उन्हें गुजरात से दिल्ली पहुंचते देखा है।

## हिमाचल पर बर्फबारी की मार, -10 डिग्री सेल्सियस तापमान, 17 पर्यटक फंसे, बिहार के दो लोगों की मौत

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल में ताजा बर्फबारी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में शीतलहर चल रही है। हिमपात के कारण की मोनेस्ट्री में छह इतालवी समेत 17 टूरिस्ट फंसे हुए हैं। हिमाचल में ताजा हिमपात के कारण न्यूनतम तापमान शून्य से 15 से 20 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया है। सोलन जिले के धरमपुर इलाके के गाहर गांव में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई है। बताया जाता है कि सोमवार रात को जब दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, उसी समय चट्टान दरकी जिससे सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे में दब गये।

पुलिस का कहना है कि दोनों ही चार दिन पहले गाहर गांव आए थे। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने लाहौल स्पीति जिले में हिमस्खलन की चेतावनी को देखते हुए मंगलवार को विभिन्न हिमपात प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि सोमवार को स्पीति उपमंडल में स्थानीय लोगों को सूचना मिली कि 17 पर्यटक फंसे हुए हैं, जिनमें छह विदेशी भी शामिल हैं। राज्य के काजा क्षेत्र के स्नो फ्लैक्स होमस्टे में ठहरने वाले पर्यटकों में अमित, विकास अनिल तुषीर, नवीन राणा, मनीष, दीपक मलिक और रेहनात शामिल हैं।

लाहौल-स्पीति में भारी बर्फबारी के कारण मोबाइल कनेक्टिविटी भी प्रभावित हुई है। हिमपात के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे पर्यटकों की कुशलक्षेम के बारे में उनके परिवार से संपर्क कर सूचना दी गई है। प्रशासन ने कहा कि सीमा सड़क संगठन ने सड़क खोलने के लिए जेसीबी और बर्फ तोड़ने की एक मशीन को लगाया है।



## सामूहिक मतांतरण मामले की सुनवाई में रोड़े अटका रहा मौलाना कलीम सिद्दीकी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सामूहिक मतांतरण मामले की सुनवाई में मौलवी मौलाना कलीम सिद्दीकी रोड़े अटका रहा है। सिद्दीकी पर राज्य के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने देश भर में मतांतरण सिंडिकेट चलाने का आरोप लगाया है।

जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की पीठ को अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) गरिमा प्रसाद ने बताया कि सिद्दीकी और मामले के अन्य आरोपित ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे हैं। आरोपों से इनकार करते हुए सिद्दीकी की ओर से पेश वकील ने कहा कि पिछले एक साल में मुकदमे के दौरान 11 गवाहों से पूछताछ की जा चुकी है। एएजी ने पीठ से तीन आरोपितों की जमानत रद करने का अनुरोध किया।

पीठ ने राज्य सरकार को 19 मार्च तक मामले में हलफनामा दायर करने की अनुमति दी। मामले की अगली सुनवाई दो अप्रैल को होगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विशेष अनुमति याचिका दायर की है, जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा सिद्दीकी को दी गई जमानत को रद करने की मांग की गई है।

पिछले साल अप्रैल में हाई कोर्ट ने सिद्दीकी को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया था। सिद्दीकी को 100 से ज्यादा लोगों का मतांतरण कराने के आरोप में मेरठ से गिरफ्तार किया गया था।

## यूपी में महाशिवरात्रि के लिए बढ़ाई गई सुरक्षा

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने 8 मार्च के महा शिवरात्रि त्योहार के लिए सभी पुलिस आयुक्तों, सभी पुलिस जोन के अतिरिक्त महानिदेशकों, पुलिस रेंज के आईजी/डीआईजी और जिला पुलिस प्रमुखों को सुरक्षा और यातायात प्रबंधन दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आयोजकों, शांति समितियों और शिविर प्रबंधकों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। जलाभिषेक स्थलों पर कड़ी सुरक्षा लागू की जाएगी, जिसमें तोड़फोड़ रोधी जांच और क्यूआरटी तैनाती शामिल है। कांवड़ यात्रा मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आपात स्थिति से निपटने और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से रात में अतिरिक्त अधिकारी मार्गों पर मौजूद रहेंगे। प्रशांत कुमार ने कांवर मार्गों पर पिकेट, मोबाइल गश्त और पैदल गश्त के साथ पुलिस की उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर यूपी में 112 वाहनों को तैनात किया जाएगा।

## मध्य प्रदेश में भाजपा की चुनावी तैयारियां तेज, प्रचार रथ रवाना

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। सभी 29 संसदीय क्षेत्र के लिए दो-दो एलईडी प्रचार रथों को रवाना किया गया है। इन रथों के जरिये छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं होंगी और आमजन से विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर सभी 29 संसदीय क्षेत्र के लिए प्रचार रथ को रवाना किया। हर संसदीय क्षेत्र के लिए दो प्रचार रथ हैं। प्रचार रथ आमजन के बीच पहुंचकर विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सुझाव लेंगे और केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत भी कराएंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री यादव ने भाजपा के अबकी बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अब तो प्रतिपक्ष के नेता भी इस नारे को कहने लगे हैं।

## हेमंत की एफआईआर पर एक्शन, झारखंड पुलिस ने 4 चैनल के पत्रकार को भेजा समन

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के चार चैनलों के पत्रकारों को झारखंड पुलिस ने तलब किया है। यह एक्शन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि पत्रकारों ने शुरू में 29 जनवरी को सोरेन के दिल्ली आवास से ईडी द्वारा बीएमडब्ल्यू कार और 36 लाख रुपये नकद जब्त किए जाने की खबरें चलाई थीं। सूत्रों ने कहा कि पत्रकारों से खबर के स्रोत के बारे में पूछताछ की जाएगी। उन्होंने कहा कि समन पिछले महीने किसी समय जारी किए गए थे। सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले, 31 जनवरी को, रांची पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि ईडी ने उन्हें और उनके पूरे समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के लिए 29 जनवरी को दिल्ली में उनके आवास पर सर्च अभियान चलाया था। सोरेन ने अपनी शिकायत में लिखा है कि ईडी के अधिकारियों ने तमाशा बनाने और जनता की नजरों में उनकी बदनामी करने के लिए सर्च को लेकर मीडिया को सूचित किया था। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा, हमने चार मीडिया चैनलों न्यूज18, जी न्यूज, आज तक और न्यूज 24 के पत्रकारों को समन जारी किया है। हमने उनसे जांच के लिए रांची आने को कहा है। हालांकि, उन्होंने जवाब दिया है कि वे नहीं आ सकेंगे। इसलिए हम उनके पास जायेंगे। जब सिन्हा से समन के विषय के पीछे के कारण के बारे में पूछे गया तो उन्होंने कहा, यह एक चल रही जांच है और हम ज्यादा विवरण नहीं बता सकते हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, एफआईआर एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3(1) (पी) (झूठी, दुर्भावनापूर्ण या कष्टप्रद कानूनी कार्यवाही शुरू करना), (आर) (जानबूझकर अपमान करना या सार्वजनिक कानून के भीतर किसी भी स्थान पर अपमानित करने की धमकी देना), (एस) (सार्वजनिक दृष्टि से किसी भी स्थान पर जाति के नाम से गाली देना), (यू) (शत्रुता, घृणा या दुर्भावना की भावनाओं को बढ़ावा देना) के तहत दर्ज की गई थी। इसमें ईडी के अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और दो अन्य अधिकारियों - अनुमान कुमार और अमन पटेल और अन्य अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल है।



## एकनाथ शिंदे दिखे नरम, पहले 22 अब 13 लोकसभा सीटों पर शिवसेना लड़ सकती है चुनाव

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन के सीट बंटवारे पर मंगलवार को अमित शाह ने चर्चा की। उन्होंने सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार से मुलाकात की। इस दौरान देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे। मीटिंग में एकनाथ शिंदे थोड़े नरम दिखे और पहले 22 सीटें मांग रही शिवसेना ने 13 लोकसभा सीटों की बात रखी। वहीं अजित पवार ने मांग रखी कि बारामती समेत उन्हें 8 सीटें दी जाएं। इस पर अमित शाह ने टफ डील रखते हुए एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 10 सीटों का ऑफर किया और अजित पवार की पार्टी को 4 ही सीटें देने को कहा।

इनमें से एक सीट बारामती और दूसरी गढ़ चिरौली की होगी, जहां अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्र को उतारना चाहते हैं। बारामती सीट से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले सांसद बनती रही हैं। गढ़चिरौली से अजित पवार राज्य सरकार में मंत्री धर्मराव बाबा आत्राम को उताना चाहते हैं। भाजपा चाहती है कि 48 में से 32 सीटें वह खुद लड़े और बाकी सीटें गठबंधन के साथियों को दी जाएं। अमित शाह ने कहा कि भाजपा के जीतने की संभावनाएं लोकसभा में अधिक हैं। इसलिए अभी हमें ज्यादा सीटें दीजिए। फिर विधानसभा चुनाव में गठबंधन के साथियों के लिए भाजपा ज्यादा सीट छोड़ देगी। इस तरह अमित शाह ने टफ डील के साथ एक बड़ा वादा भी कर दिया है।

भाजपा चाहती है कि परभणी, औरंगाबाद, उस्मानाबाद और रत्नागिरी सिंधुदुर्ग की सीटों में फेरबदल भी कर लिया जाए। अब मुंबई की बात करें तो यहां एकनाथ शिंदे की पार्टी ने 2 सीटों की मांग रखी है।

## कांग्रेस नागौर सीट बेनीवाल के लिए छोड़ सकती है

### हरीश चौधरी ने कांग्रेस और आरएलपी से गठबंधन का किया विरोध

**नागौर, एजेंसी।**
राजस्थान में कांग्रेस और आरएलपी से गठबंधन की चर्चा जोरों पर है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नागौर सीट बेनीवाल के लिए छोड़ सकती है। हालांकि, पार्टी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में मंथन होने की बात कही जा रही है। चर्चा है कि हनुमान बेनीवाल के धुर विरोधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी ने गठबंधन का विरोध किया है। बता दें हरीश चौधरी बेनीवाल की पार्टी को गहलोत की प्रायोजित पार्टी बता चुके है। ऐसे में माना जा रहा है कि हरीश चौधरी ने गठबंधन का विरोध किया है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर उनका बयान नहीं आया है। सूत्रों के अनुसार पार्टी का एक वर्ग बेनीवाल से गठबंधन के पक्ष में बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए राजस्थान में हनुमान बेनीवाल की आरएलपी के साथ गठबंधन करने पर विचार कर रही है। हालांकि पार्टी नेताओं के एक वर्ग ने गठबंधन को लेकर विरोध जाहिर किया है। लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मंत्री हरीश चौधरी ने मंगलवार को यहां राज्य के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की चयन समिति की बैठक के दौरान गठबंधन पर अपना विरोध व्यक्त किया है। राज्य के कांग्रेस के कुछ अन्य वरिष्ठ नेता भी बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के साथ संभावित गठबंधन के खिलाफ हैं। उन्होंने कांग्रेस के प्रति बेनीवाल के पिछले विरोध और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उनकी टिप्पणियों का हवाला दिया है। माना जा रहा है कि अगर गठबंधन हुआ तो नागौर लोकसभा सीट बेनीवाल के खाते में जाने की पूरी संभावना है। राजस्थान में बीजेपी मिशन 25 के संकल्प के साथ काम कर रही है। राजस्थान में सबसे पहले बीजेपी ने 15 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। जबकि अभी 10 सीटों पर ऐलान होना अभी बाकी है। नागौर लोकसभा सीट पर पिछली बार आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने जीत हासिल की थी। इस दौरान उन्होंने बीजेपी को अपना समर्थन दिया था।



# डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के घर का बोरवेल भी सूख गया, बेंगलुरु में भयानक जल संकट

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु भीषण जल संकट से जूझ रही है। आम जनता के अलावा, डिप्टी सीएम के घर पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि बेंगलुरु के सभी इलाके जल संकट का सामना कर रहे हैं और यहां तक कि उनके घर का बोरवेल भी सूख गया है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को वादा किया कि सरकार किसी भी कीमत पर बेंगलुरु को पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा, हम गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं, लेकिन किसी भी



कीमत पर शहर में पानी की सप्लाई सुनिश्चित करेंगे।

बेंगलुरु में बारिश की कमी के कारण बोरवेल सूख गए हैं। आवासीय सोसायटियों ने लोगों को पानी के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की सलाह दी है। संकट के बीच, कई निजी प्राइवेट टैंकर लोगों से पानी पहुंचाने के बदले अत्यधिक पैसे ले रहे हैं। इस पर शिवकुमार ने कहा, कुछ टैंकर 600 रुपये में पानी की सप्लाई कर रहे हैं, जबकि कुछ 3,000 रुपये तक वसूल रहे हैं। एक समान पैसे तय करने के लिए, हमने सभी पानी टैंकरों को अधिकारियों के साथ पंजीकरण कराने के लिए कहा है। टैंकरों द्वारा तय की गई दूरी के आधार पर कीमतें तय की जाएंगी।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा था कि पानी की भारी कमी के मद्देनजर राज्य सरकार बेंगलुरु में सभी निजी जल टैंकर अपने कब्जे में लेगी। शिवकुमार ने यहां सदाशिवनगर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा, बेंगलुरु में पानी की भारी कमी है। बीडब्ल्यूएसएसबी (बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड) और बीबीएमपी (बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका) के अधिकारी इस मुद्दे के समाधान के लिए दैनिक आधार पर बैठकें कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमने बेंगलुरु में सभी पानी के टैंकरों का 7 मार्च से पहले पंजीकरण कराने का निर्देश दिया है क्योंकि जल आपूर्तिकर्ता ग्राहकों से लूट रहे हैं। हमने बेंगलुरु में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए सोमवार दोपहर 12 बजे एक बैठक बुलाई है। पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को 10 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है।

## सीएम भजनलाल का तोहफा, 8 मार्च को महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में फ्री यात्रा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को तोहफा दिया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाएं और बालिकाएं राजस्थान रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। सरकार ने आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेश के अनुसार यह निशुल्क यात्रा राजस्थान के भौगोलिक सीमा तक मान्य होगी। इसके अलावा यह निशुल्क सेवा वातानुकूलित, वोल्वों एवं अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्रों पर संचालित बसों पर देय नहीं होगी। जारी आदेश के अनुसार एक दिवस का तात्पर्य कलेंडर दिवस 8 मार्च 2024 को 12 बजे रात्रि 23÷59 तक होगा। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान ने एक बयान में बताया कि आठ मार्च को सभी महिलाएं और बालिकाएं राजस्थान रोडवेज की समस्त साधारण और द्रुतगामी (एक्सप्रेस) बसों (वातानुकूलित और वोल्वो के अतिरिक्त) में राज्य की सीमा में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान सरकार ने महिलाओं के लिए एक अहम घोषणा की है। सीएम एम भजनलाल शर्मा की सरकार ने प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के लिए राजस्थान रोडवेज की सभी बसों में यात्रा का मुफ्त कर दिया है। इसमें साधारण और तेज दोनों तरह की बसें शामिल हैं. तो वहीं अनुमानित 8.50 लाख महिलाओं की तरफ से इस सेवा का उपयोग करने की उम्मीद जताई जा रही है।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)